न्यूज ब्रीफ

### सदर तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस आज

**कानपुर देहात।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में शनिवार को तहसील अकबरपुर में जिलास्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाएगा। अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमित कुमार ने बताया कि संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को आयोजित किए जाने के निर्देश दिए गए हैं, जिसमें जिलाधिकारी द्वारा क्रमानुसार प्रत्येक तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता की जाएगी। इस समाधान दिवस में जिले के पुलिस अधीक्षक व अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा। चार अप्रैल को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील अकबरपुर में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाएगा।

### युवक के अपहरण के आरोपी को पकड़ा

**कानपुर देहात।** थाना सट्टी पुलिस ने अपहरण की घटना में शामिल आरोपी को गिरफ्तार किया है। घटना के संबंध में एक अप्रैल को थाना सट्टी में मुकदमा कायम कराया गया था। उसने बताया कि ग्राम कथरी स्थित कात्यायनी माता मंदिर में दर्शन करने आया था। इसी दौरान मंदिर के बाहर से मोनू पुत्र नत्थू, .अजीत, रवि व एक अज्ञात ने कार में डालकर उसका अपहरण किया। शोर मचाने पर पटेल चौक कस्बा व थाना सिकंदरा के पास उसे छोड़कर भाग निकले। थाना सट्टी की पुलिस टीम द्वारा मुकदमा उपरोक्त में कार्रवाई करते हुए मुखबिर की सूचना पर नामित आरेपियों में से एक मोनू उर्फ रविन्द्र सिंह पुत्र नत्थूराम निवासी ग्राम खरतला थाना राजपुर सट्टी में गैस एजेंसी के पास से गिरफ्तार किया गया।

### सड़क हादसों में कई लोग घायल

**रसूलाबाद।** अलग-अलग स्थानो में हुए सड़क हादसे में सात लोग घायल हुए। शुक्रवार को गुरुबई बहादुरपुर निवासी बबलू उर्फ उदय सिंह 28 पुत्र छोटा व गयाप्रसाद 62 टेंपो से थ्रीव्हीलर द्वारा लहरापुर से बकरी खरीद कर अपने गांव जा रहे थे तभी भारामऊ के पास अनियंत्रित कार सवार ने टक्कर मार दी। हादसे में बबलू व गया प्रसाद गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को परिजन सीएचसी ले गए वहां से इलाज के बाद रेफर कर दिया गया। इसी प्रकार लक्ष्मणपुर मोड कहींजरी के पास ख़म्हैला गांव निवासी नारायण दास तिवारी 43 व उनका बेटा ऋषि 18 अनियंत्रित कार की टक्कर से घायल हो गए। सूचना पर एंबुलेंस सीएचसी ले गई वहां ईएमओ डॉक्टर बृजेश कुमार ने ऋषि कुमार की हालत चिंताजनक देखते हुए हैलट रेफर कर दिया। पहाड़ीपुर निवासी विकास 22 बाइक अनियंत्रित होकर गिर जाने के कारण असालतगंज के पास गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं शाम को उदेंत पुर कन्नौज निवासी महेंद्र दुबे 60 एवं कार चालक सद्दाम खान 35 भी झींझक रोड में अनियंत्रित तेज रफ्तार कार से आमने-सामने हुई टक्कर में गंभीर रूप से घायल हो गए।

### कलश यात्रा के साथ भागवत कथा आरंभ

**कानपुर देहात।** रायरामापुर गांव में शुक्रवार को कलश यात्रा के साथ मद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा एवं गया भोज के भव्य आयोजन में काफी भीड़ रही। परीक्षित शोभा एवं रघुवीर प्रसाद तिवारी ने विधि-विधान के साथ कार्यक्रम पूर्ण कराए।

# दादी को छोड़कर घर जा रहे युवक की हत्या, परिजनों में मचा कोहराम

## मकरंदपुर बंथा गांव के पास खेत में लहूलुहान हालत में मिला शव, जांच में जुटी पुलिस

संवाददाता, शिवली

**अमृत विचारः** कोतवाली क्षेत्र के मकरंदपुर बन्था गांव के पास गुरुवार की रात गेहूं के खेत में बाइक सवार एक युवक का रक्त रंजित शव पड़ा ग्रामीणों के बीच हड़कंप मच गया। युवक अपनी बुआ के घर से वापस बाइक घर जा रहा था। इधर घटना की जानकारी मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी रसूलाबाद,शिवली कोतवाली का पुलिस बल के साथ मौके पहुंचा। पिता ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।


राजाबाबू वर्मा।

कानपुर नगर के सचेंडी थाना क्षेत्र के झखरा गांव निवासी राजाबाबू वर्मा(19) घरों में पुट्टी व पीओपी का काम करता था। गुरुवार को अपनी दादी राजेश्वरी को लेकर बुआ आरती के घर शिवली कोतवाली क्षेत्र के भउआपुरवा गांव बाइक से गया था। दादी को बुआ के घर छोड़ने के बाद रात में बाइक से वापस अपने घर जा रहा था। रास्ते में रामगंगा नहर पटरी मार्ग पर स्थित खखरा पुल के सामने मकरंदपुर बंथा गांव जाने वाले मार्ग के किनारे स्थित गेहूं के खेत में खून से सना हुआ पड़ा ग्रामीणों को दिखाई पड़ा। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के परिजनों के बीच कोहराम मच गया और परिजन मौके पर पहुंच गए।


मौके पर जांच-पड़ताल करती पुलिस। अमृत विचार

मृतक के पिता रामलखन ने पुलिस को बताया कि पुत्र राजा बाबू भउवापुरवा गांव अपनी दादी को छोड़ने गया था। घटना की जानकारी मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक राजेश पांडेय रसूलाबाद, रनियां समेत कई थाना के पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए और घटना के बाबत मृतक के परिजनों से पूछताछ कर जानकारी हासिल की। पुलिस की सूचना पर पहुंची फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण का साथ एकत्रित किए। मृतक का मोबाइल फोन गायब मिला। कोतवाल अमरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि मृतक के पिता की तहरीर पर घटना की रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

### बाइक के नंबर से हुई शिनाख्त

- गुरुवार रात युवक शव देख ग्रामीण सकते में आ गए। पास में ही बाइक खड़ी थी। सूचना के कुछ देर बाद पुलिस भी मौके पर पहुंची। और बाइक के नंबर से मृतक के परिजनों तक पहुंच गई। और कुछ देर बाद भउवापुरवा गांव से भी रिश्तेदार आ गए।

### राजाबाबू का फोन गायब

- पुलिस मोबाइल के जरिए घटना के खुलासे को तरफ बढ़ रही है। पुलिस ने काल डिटेल का ब्यौरा भी मंगाया है। साथ ही मोबाइल की लोकेशन भी ट्रेस कर रही है। राजाबाबू अपनी दादी को छोड़ने के बाद रामगंगा नहर मार्ग से घर वापस जा रहा था। फिर बंथा गांव जाने वाली सड़क पर क्यों चला गया।

# कंटेनर चालक की हत्याकर शव को लटकाने का आरोप

संवाददाता, शिवली

**अमृत विचारः** कंटेनर के चालक का शव नीम के पेड़ से सटाखड़ा देख ग्रामीणों में रोष फैल गया। शव के गले में लाल रंग के कपड़ा कसा था। ग्रामीणों ने हत्या कर शव लटकाए जाने का आरोप लगाकर हंगामा काटा। करीब छह घंटे की जद्दोजहद के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कराने के लिए भेज पाई।


रंजीत नागर।

बाघपुर निवासी कंटेनर चालक रंजीत नागर (28) का शव शुक्रवार सुबह खेतों पर गेहूं काटने जा रहे किसानों को पेट्रोल पंप के पीछे खेत की मेड़ पर खड़े नीम के पेड़ में गमछा के सहारे लटकता मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। कुछ ही देर में वहां ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। मौजीलाल नागर ने आरोप लगाते हुए बताया कि उसके पुत्र रंजीत के पास रुपये थे वह भी गायब है। उसका मोबाइल फोन तथा ड्राइविंग लाइसेंस एवं एटीएम कार्ड भी गायब है। उनका पुत्र रंजीत शाम को सफेद शर्ट एवं सफेद बनियान पहने था। फंदे पर लटक रहे उसके पुत्र के शरीर से शर्ट एवं बनियान गायब है।

क्रोधित ग्रामीणों ने हत्या कर शव को लटकाए जाने का आरोप लगाते हुए सुबह करीब 8 बजे शिवली कल्याणपुर मार्ग पर जमा हो गए। जिससे करीब एक घंटे जाम जैसे हालात बन गए। घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाल अमरेंद्र बहादुर सिंह,इंस्पेक्टर क्राइम शीलेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों की रोष देख रसूलाबाद,अकबरपुर,रनियां आदि थानों का फोर्स भी मौके पर पहुंचा। एसडीएम राजकुमार पांडेय,तहसीलदार सुनील कुमार, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मंजीत सिंह भी मौजूद रहे। करीब छह घंटे बाद दोपहर 12.15 बजे शव को पुलिस मौके से हटा पाई। काफी देर सड़क पर जाम जैसे हालात रहे। एएसपी राजेश पांडेय ने बताया कि परिजनों को समझाया गया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

### भिड़ंत के बाद मामला पहुंचा बाघपुर चौकी

- बाघपुर निवासी मौजी लाल नगर का 28 वर्षीय रंजीत नागर कंटेनर चालक था जो गुरुवार को फिरोजाबाद से शराब लाकर गुवाहाटी जाने के लिए निकाला था। वह शाम करीब 6 बजे कंटेनर लेकर बागपुर गांव आ गया था जहां कंटेनर की बैटरी का नक्का टूट जाने के कारण वह उसे ठीक करने के लिए बिल्डिंग की दुकान पर बाजार में कंटेनर लेकर गया था। जहां कंटेनर को बैक करते समय उसका पिछला हिस्सा ओला गाड़ी में छू गया। ओला कार चालक व कंटेनर चालक के बीच हुई मारपीट का मामला पुलिस चौकी बाघपुर पहुंचा। पुलिस के मुताबिक जहां देर रात करीब 11 बजे दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया था। शुक्रवार सुबह नीम के पेड़ से फंदे पर लाश मिली।

### एएसपी राजेश ने संभाली कमान

- मृतक के पिता व बहन ने हत्या करने का आरोप लगाते हुए खुलासे की मांग की। शिवली पुलिस के साथ आसपास थानों का पुलिस बल मौके पर पहुंचा। हालांकि ग्रामीणों व महिलाओं का रोष देख बात नहीं बनी। सीओ संजय सिंह सहित कई पुलिस वालों से ग्रामीणों व परिजनों की नोंकझोंक हुई। एएसपी राजेश पांडेय मौके पर पहुंचे। और परिजनों को समझाया।

### राज्यमंत्री ने परिजनों को बंधाया ढांढस

- बाघपुर में घटना की जानकारी पर राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला व पूर्व सांसद अनिल शुक्ला वारसी मौके पर पहुंचे। राज्यमंत्री ने एएसपी राजेश पांडे, सीओ आलोक वर्मा से इस बात की। परिजनों को ढांढस बंधाकर कार्रवाई का भरोसा दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से खुलासा हो जाएगा। की आत्महत्या है या कुछ और।


दुर्घटना स्थल पर एकत्र लोग। अमृत विचार

# मचान से फांसी लगाकर किसान ने दे दी जान

संवाददाता, रसूलाबाद

- रसूलाबाद थाना क्षेत्र के गांव कंधिया में बीती रात हुई घटना

**अमृत विचारः** थाना क्षेत्र के कंधिया ग्राम निवासी किसान अपने गेहूं की खेत की रखवाली करने गुरुवार रात गया था। उसने रखवाली के मचान के डंडे में गमछे से फांसी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली और घर वाले नहीं जान पाए। सुबह जब शौच के लिए गई महिलाओं ने उसे फांसी पर लटके देखा तो इसकी सूचना पाकर घर में कोहराम मच गया। इस पर उसके पुत्र में इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी।

असलत गंज के मुजरा कंधिया निवासी लालजीत उर्फ प्रहलाद बाथम (55) पुत्र रामस्वरूप गुरुवार रात लगभग 11 बजे नित्य की भांति नील गायों से अपने गेहूं के खेत की रखवाली के लिए गया था। वहां उसने रखवाली के लिए बनाए गए मचान के डंडे में गमछे से फांसी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। उनके पुत्रों को उनके वापस आने न जाने की जानकारी नहीं हुई। तड़के उनके पुत्र गेहूं की कटाई के लिए चले गए और उन्हें इसकी कोई जानकारी नहीं लगी। उन्होंने सोचा पिता सो रहे होंगे। लेकिन सुबह जब महिलाएं शौच के लिए गईं तो महिलाओं ने उन्हें फांसी पर लटके देखा। इससे हड़कंप मच गया। महिलाओं इसकी सूचना उसके घर भेजी। जैसे ही परिवार को इसकी सूचना मिली तो कोहराम मच गया। मौके पर बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए। इधर उसके पुत्र पुत्र रोहित ने पिता के आत्महत्या करने की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे असालतगंज चौकी प्रभारी केशव देव ने शव को फंदे से नीचे उतरवाया और आवश्यक कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है।


लालजीत बाथम।

प्रहलाद बाथम की असामायिक मौत पर उनकी पत्नी मीरा देवी, विवाहित पुत्र सचिन, राहुल व मोहित एवं अविवाहित पुत्र रोहित व अजय का रो-रो कर बुरा हाल है। वहीं खबर लिखे जाने तक आत्महत्या के कारणों का कुछ पता नहीं चल सका था। मामले में थाना प्रभारी शिव नारायण सिंह ने बताया कि मौके पर असालतगंज चौकी प्रभारी केशव देव को भेजा गया था। जिन्होंने जांच कर पंचायतनामा भर कर शव को पीएम हेतु भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

# गणित प्रवक्ता की ट्रेन से कटकर मौत, परिजनों में मचा कोहराम

संवाददाता, मंगलपुर

- झींझक रेलवे स्टेशन के पास हुआ हादसा
- बिहार के मधेपुरा जिले में गणित प्रवक्ता के पद पर थे तैनात

**अमृत विचारः** थाना क्षेत्र में शुक्रवार को एक दर्दनाक हादसे में गणित प्रवक्ता की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना झींझक रेलवे स्टेशन के समीप की बताई जा रही है, जिससे पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।


केशव अवस्थी।

मंगलपुर थाना क्षेत्र के डिलवल गांव निवासी केशव अवस्थी (30) पुत्र उदय नारायण का चयन वर्ष 2024 में बिहार राज्य के मधेपुरा जिले में गणित प्रवक्ता के पद पर हुआ था। वह वहीं अपनी सेवाएं दे रहे थे। बताया जा रहा है कि लगभग 10 दिन पूर्व अस्वस्थ होने के कारण वह अपने घर आए हुए थे। शुक्रवार दोपहर झींझक रेलवे स्टेशन के पास वह ट्रेन की चपेट में आ गए, जिससे उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

प्रारंभ में शव की शिनाख्त नहीं हो सकी, लेकिन पुलिस की पूछताछ और सूचना के आधार पर परिजनों को जानकारी दी गई। बाद में पिता उदय नारायण ने शव की पहचान अपने पुत्र के रूप में की। परिजनों के अनुसार, मृतक केशव के परिवार में शिक्षा का अच्छा माहौल है। उनका छोटा भाई आशुतोष बिहार में ही प्राइमरी शिक्षक है, जबकि बड़ा भाई उत्तर प्रदेश सरकार में शिक्षक के पद पर कार्यरत है। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मंगलपुर थाना पुलिस का कहना है कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। साथ ही घटना के कारणों की जांच-पड़ताल की जा रही है।

# सच्चे मन से लिया गया ईश्वर का नाम करता है कल्याण

संवाददाता रसूलाबाद

**अमृत विचारः** भगवान के नाम में अपार शक्ति है, जो बड़े से बड़े पापी का भी उद्धार कर सकती है। भगवान के नाम का जाप किसी भी कारण से लिया जाए वह व्यक्ति को पापी जीवन से निकालकर उसे मोक्ष दिला सकता है।

जोत स्थित शंकर जी मंदिर परिसर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में कथा वाचक हरिओम दीक्षित ने अजामिल प्रसंग के दौरान यह बात कही। उन्होंने कहा कि सच्चे मन से या विवशता में लिया गया नाम पापों का नाश कर मुक्ति दिला सकता है। उन्होंने बच्चों को भगवान से जोड़ने पर जोर दिया, ताकि वे परमात्मा से जुड़कर जीवन में सही मार्ग पर चल सकें। पश्चाताप और सच्ची भक्ति से कभी भी सुधार संभव है। उन्होंने अजामिल की कथा सुनाते हुए बताया कि अजामिल पाप कर्मों में लिप्त होकर एक वेश्या के साथ रहने लगा था और ईश्वर से दूर हो गया था।


शिवाजी मंदिर परिसर में भागवत कहते कथा वाचक हरिओम दीक्षित।

उसने अपने एक पुत्र का नाम नारायण रखा था। जब उसकी मृत्यु का समय आया, तो उसने अपने पुत्र को श्नारायण, नारायण कहकर पुकारा। जीवन भर पाप करने के बावजूद, अंत समय में नारायण नाम के स्मरण ने उसे मोक्ष के योग्य बना दिया।

व्यास जी ने श्रोताओं को बताया कि ईश्वरीय कृपा और दया किसी को भी उसके कर्मों से ऊपर उठाकर मुक्ति प्रदान कर सकती है। इस अवसर पर परीक्षित अमित गुप्ता, रिंकी गुप्ता, गोलू सिंह, सुधीर पाण्डेय, अनीता, नवीन अवस्थी, कुन्नू, आनंद सिंह, कुलदीप और दीपू सहित कई श्रोता मौजूद रहे।

# बीडीओ ने निर्माण करा रही कंपनी को दी गुणवत्ता सुनिश्चित करने की हिदायत

अमृत विचार IMPACT

संवाददाता, रसूलाबाद

- बनते ही खड़ंजा धंस जाने पर 'अमृत विचार' ने प्रकाशित की थी खबर

**अमृत विचारः** भीख देव में महाकालेश्वर मंदिर से प्राथमिक विद्यालय भीखदेव तक बन रहे खड़ंजा मार्ग में मानकों के अनदेखी करने पर क्षेत्रीय ग्रामीणों की मांग के चलते 'अमृत विचार' ने इसका समाचार प्रकाशित किया। खंड विकास अधिकारी विपुल विक्रम सिंह चौहान ने तत्काल इसका संज्ञान लिया और खड़ंजा मार्ग बनाने वाली कंपनी को गुणवत्ता के साथ कोई खिलवाड़ न किए जाने का निर्देश दिया।

बताते चलें कि भीखदेव में काफी अरसे से प्राथमिक विद्यालय मैं पढ़ने जाने वाले बच्चों के लिए मार्ग नहीं था। बच्चे खेतों की मेड़ और कीचड़ से होकर गुजरने को विवश थे। इस पर क्षेत्रीय अभिभावकों ने इसकी मांग उठाई। 'अमृत विचार' में प्रकाशित इस आशय के समाचार पर खंड विकास अधिकारी ने संज्ञान लिया।

बताते चलें कि उक्त मार्ग को खड़ंजा युक्त बनाने का क्षेत्रीय ग्रामीणों की सहमति से निर्णय लिया गया था। किंतु उक्त खड़ंजा युक्त मार्ग में मानकों के अनदेखी पर अमृत विचार ने जनहित की इस समस्या को प्रमुखता से प्रकाशित किया। इस पर खंड विकास अधिकारी विपुल विक्रम सिंह चौहान ने खड़ंजा मार्ग निर्माण कर रहे सिद्धिविनायक मां वैष्णो कंपनी के कर्ताधर्ताओं को बुलाकर मानको की अनदेखी बर्दाश्त न किए जाने का निर्देश दिया और गुणवत्ता में कमी होने पर भुगतान रोके जाने की चेतावनी दी। ठेकेदार ने बताया कि अभी तो उन्होंने मार्ग का निर्माण शुरू ही किया है मार्ग पूरा होने पर गुणवत्ता में कोई कमी नहीं होगी।

# भागवत वेदों का पका हुआ मधुर फलःहित शुभम कृष्ण

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- झीझक के प्राचीन मंदिर अक्षय वट आश्रम में चल रही है कथा

**अमृत विचार।** जैसे दूध में घी छिपा होता है, लेकिन उसका स्वाद अलग होता है, वैसे ही भागवत वेदों का पका हुआ मधुर फल है। यह बात कस्बा झीझक के प्राचीन मंदिर अक्षय वट आश्रम में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में भगवताचार्य हित शुभम कृष्णा महाराज वृंदावन ने नारद संवाद की कथा सुनाते हुए कही।

कहा कि एक समय की बात है जब परम भागवत देवर्षि नारद जी पृथ्वी लोक पर यह देखने के लिए भ्रमण करने आए कि कलयुग में धर्म और भक्ति की क्या स्थिति है, उन्होंने देखा कि पृथ्वी पर सत्य, पवित्रता और दया का अभाव हो गया है, पाखंड का बोलबाला है। जिससे उनका मन बहुत खिन्न और उदास हो गया। विभिन्न तीर्थों और स्थानों का भ्रमण करते हुए जब देवर्षि नारदजी पवित्र वृंदावन धाम पहुंचे, तो वहां उन्होंने एक बहुत ही आश्चर्यजनक दृश्य देखा, उन्होंने देखा कि एक नवयुवती बैठी है और उसके पास दो वृद्ध पुरुष अचेत अवस्था में पड़े हुए जोर-जोर से सांस ले रहे हैं और वह स्त्री बहुत दुखी है। नारद जी को देखकर वह स्त्री खड़ी हो गई और उसने उनसे रुकने की प्रार्थना की, तब नारद जी ने पूछा कि देवी तुम कौन हो और यह दो वृद्ध पुरुष कौन हैं जो तुम्हारे पुत्र जैसे प्रतीत होते हैं, तब उस स्त्री ने बताया कि मेरा नाम भक्ति है और यह दोनों मेरे पुत्र ज्ञान और वैराग्य हैं। भक्ति देवी ने अपनी व्यथा सुनाते हुए कहा कि घोर कलयुग के कारण मेरे दोनो पुत्र वृद्ध हो गए, कलयुग के प्रभाव से लोगों में ईश्वर के प्रति वास्तविक प्रेम कम हो गया और पाखंड बढ़ गया। मैं वृंदावन आई तो इस धाम के चमत्कारी प्रभाव से मैं पुनः नवयुवती और रूपवान हो गई, लेकिन मेरे यह दोनों पुत्र ज्ञान और वैराग्य अभी भी बूढ़े हैं, माता जवान हो और पुत्र बूढ़े हों, यह तो बहुत ही दुखद स्थिति है। नारद जी ने ज्ञान और वैराग्य को जगाने का बहुत प्रयास किया, कानों में वेद, और उपनिषदों का पाठ सुनाया और गीता का घोष किया, जिसे सुनकर वे दोनों कुछ क्षण के लिए आंखें खोलते, अंगड़ाई लेते, लेकिन फिर से अचेत हो जाते। आकाशवाणी हुई कि हे देवर्षि, तुम्हें एक सत्कर्म करना होगा, ज्ञान और वैराग्य का बुढ़ापा दूर होगा।

# संयुक्त टीम ने किया औद्योगिक इकाइयों का निरीक्षण

**कानपुर देहात।** जिला कृषि अधिकारी डॉ उमेश कुमार गुप्ता की अध्यक्षता वाली संयुक्त टीम ने औद्योगिक क्षेत्र जैनपुर की औद्योगिक इकाईयों का निरीक्षण किया। प्राइम एवियन फीड्स जैनपुर निरीक्षण के समय औद्योगिक इकाई में प्रोडक्शन मैनेजर राजेश मुरारकर उपस्थित थे। उन्होंने बताया मुर्गीदाना में किसी प्रकार का यूरिया प्रयोग नहीं किया जाता है, सॉई बाबा पालीमार टेक्नोलॉजी जैनपुर में निरीक्षण के समय फर्म के मैनेजर सत्य नारायण धल मौके पर उपस्थित थे। मैनेजर ने बताया गया कि यहां डीजल एक्जॉस्ट फ्लूड बनती है। इनके यहां टेक्निकल ग्रेड यूरिया (टीजीयू) का प्रयोग किया जाता है। मौके पर 270 मीट्रिक टन 45 किलोग्राम की बैग के रुप में तथा 240 मीट्रिक टन टेक्निकल ग्रेड यूरिया 1000 किलोग्राम के बैग में पाई गई।

समस्या

जिम्मेदार अधिकारियों ने साध रखा है मौन

# ईंटों से भरी ट्रालियां दे रहीं हादसों को दावत

संवाददाता, रसूलाबाद

**अमृत विचारः** कस्बे के बिषधन रोड तिराहे पर बिक्री के लिए सड़क किनारे अवैध रूप से खड़ी ईंटों से भरी ट्रैक्टर-ट्रालियां हादसों का सबक बनने के साथ-साथ यातायात में अवरोध उत्पन्न कर रहे हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि इस समस्या पर स्थायी समाधान नहीं हो पा रहा है।

बताते चलें कि गत जनवरी माह में बिषधनन तिराहे के निकट ट्रैक्टर की टक्कर से एक किशोर की मौत हो गई थी। उस घटना के बाद प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए सड़क किनारे से अवैध ट्रैक्टर-ट्रालियों को हटवाया था। किंतु कुछ समय बाद स्थिति फिर से पहले जैसी हो गई है और बड़ी संख्या में ट्रैक्टर-ट्रालियां फिर सड़क पर खड़ी होने लगी। अनेक स्थानीय दुकानदारों ने बताया की सड़क के किनारे अवैध वाहनों के खड़े होने से अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है। इसके साथ ही प्राइवेट बसें , ई रिक्शा और ऑटो भी मुख्य सड़कों पर वाहन रोक कर सवारियां भरते हैं जिससे यातायात प्रभावित होता है। लोगों ने बताया कि ऑटो और ई रिक्शा वालों से वसूली तो की जाती है लेकिन नगर पंचायत द्वारा कोई स्थाई स्टैंड की व्यवस्था उनके लिए नहीं करती है।


विषधन तिराहे के समीप सड़क पर बिक्री के लिए खड़ी ईंटों से भरी ट्रैक्टर-ट्रालियां।

इन स्थितियों के चलते होने वाली किसी भी घटना के बाद प्रशासन कुछ दिनों के लिए कार्रवाई करता है। लेकिन समय बीतने के साथ फिर वही दशा हो जाती है। पहले रहे अधिशासी अधिकारी दिनेश शुक्ला ने नगर पंचायत द्वारा पुराने गौशाला के पास वाहन स्टैंड बनाने की बात कही थी किंतु यह व्यवस्था अभी तक धरातल पर नहीं उतर पाई है। स्थानीय लोगों का मानना है कि यदि वाहन स्टैंड बन जाए और सड़क किनारे खड़े वाहनों पर सख्ती से कार्रवाई हो, तो जाम और हादसों की समस्या से काफी हद तक राहत मिल सकती है। एसडीएम सर्वेश कुमार सिंह ने इस मामले को संज्ञान में लिया है। उन्होंने बताया कि पुलिस प्रशासन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं और जल्द ही सड़कों से अवैध अतिक्रमण हटाने के लिए एक अभियान चलाया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### दबंगों ने किसान को पीटकर किया जख्मी

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** कस्बे की त्रिवेणी मैदान निवासी रघुवर प्रसाद ने मुकदमा दर्ज कराते हुए आरोप लगाया कि वह अपने पैतृक गांव बांक में मेड़ पर फलदार वृक्षों की सुरक्षा के लिए झांखड़ लगा रहा था, तभी गांव के बाबू कुशवाहा, नोखेलाल, छोटे, राजकुमार आदि आ धमके और गालियां देते हुए तमंचा निकालकर मारने दौड़े। बचाव के लिए वह नलकूप के कमरे में घुस गया। सभी कमरे में आ धमके और बेरहमी के साथ लात जूतो से पीटकर लहुलुहान कर दिया और गले में रस्सी से फांसी लगाकर जान से मारने का प्रयास किया।

### एसपी के निर्देश पर मारपीट की रिपोर्ट

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर कस्बे के एक वृद्ध की शिकायत पर चार लोगों के खिलाफ मारपीट करने का मुकदमा दर्ज किया गया है। कस्बे के गुरुगुज थोक निवासी शिवदास ने पुलिस अधीक्षक को दी गयी तहरीर में आरोप लगाया था कि वह 26 मार्च की शाम 5 बजे घर के दरवाजे पर बैठा था। तभी मुहल्ले के अखिलेश, रवीन्द्र अपने रिश्तेदार कमलेश, श्रीराम दो अज्ञात के साथ कार से आये और कुछ समय पूर्व हुये विवाद को लेकर गालीगलौज करने लगे। मना करने पर सभी ने उसे तथा उसकी वृद्ध मां के साथ मारपीट की और जान से मार देने की धमकी देकर भाग गए। एसपी के निर्देश पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

### अर्धविक्षिप्त ने मूर्ति में लगाया काजल

**मौदहा (हमीरपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के चकदहा गांव के गोसाईं धाम आश्रम में हनुमान जी, शिवजी और नागदेव की मूर्ति स्थापित हैं। शुक्रवार सुबह गांव के ही शीलू सिंह जब पूजा करने गए तो हनुमान जी की मूर्ति में कालिख लगी और नागदेव की मूर्ति टूटी मिली। पूजा करने गई रामबाई ने बताया कि रास्ते फटे कपड़े पहने पागल सा युवक दिखा था। ग्राम प्रधान अवधेश कुमार की सूचना पर पुलिस पहुंची और मामले की छानबीन की। पता चला कि पागल युवक ने हनुमान जी की आखों में वहीं रखे दीये से काजल व तिलक लगाया था। नागदेवता की मूर्ति तोड़ दी। पुलिस ने हनुमान जी की मूर्ति पर पुजारी से सिन्दूर का लेपन कराया और नागदेव की मूर्ति को स्थापित किया। इसके बाद ग्रामीणों ने भजन-कीर्तन कर पूजा पाठ किया। कोतवाली प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि विक्षिप्त युवक ने कालिख नहीं पोती, बल्कि आंखों में काजल व माथे में तिलक लगाया है। आश्रम में ग्राम पंचायत सीसीटीवी कैमरे लगाएगी।

### सेल्समैन की बाइक मोबाइल फोन छीना

**राठ (हमीरपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के करगवां गांव के पास बुलेट सवार चार बदमाशों ने शराब दुकान के सेल्समैन से तीन दिन पूर्व रात में बाइक और मोबाइल फोन लूट लिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। करगवां निवासी ज्ञानेश कुमार ने बताया कि वह जरिया थाने के पवई गांव के शराब की दुकान में सैल्समैन है। 31 मार्च की रात करीब 10 बजे वह बाइक से अपने गांव लौट रहा था, तभी लींगा करगवां के बीच बुलेट सवार चार बदमाशों ने उसकी बाइक रोक ली। बदमाशों ने बाइक की डिग्गी में रखे कागजात, दुकान की चाबी और टिफिन लूट लिया। बदमाशों ने रास्ता पूछने के बहाने उसे रोका और उसे गोली मारने की धमकी दी। इसके बाद वे उसकी बाइक और मोबाइल फोन लूटकर फरार हो गए। घटना के बाद ज्ञानेश पैदल ही अपने गांव करगवां पहुंचा। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। कोतवाल राकेश कुमार ने बताया कि बदमाशों की तलाश की जा रही हैं।

### एक लाख ठगकर सूरत भागा हिस्ट्रीशीटर

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** क्षेत्र के ग्राम अतरैया डेरा की एक विधवा संत वेशधारी महिला से हिस्ट्रीशीटर में झांसा देकर एक लाख रुपये ले लिए। वापस मांगने पर हत्या करने की धमकी देकर सूरत चला गया है। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर सौंपी है। अतरैया डेरा निवासी संत वेशधारी विधवा मिडिया निषाद ने बताया कि उसकी जान पहचान पड़ोसी गांव मिहुना निवासी जगभान यादव से थी। यह हत्या के एक मामले में अभियुक्त था। सजा से बचने के लिए एक वकील करने की जरूरत है। जिसमें एक लाख रुपये देना है। उसे 50 हजार पेटीएम के माध्यम से तथा 50 हजार नकद दिए थे। अब रुपये वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी दे रहा है।

# पुलिस ने 24 घंटे में ट्रैक्टर चोरी का किया खुलासा, दो चोर दबोचे

## पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा

संवाददाता घाटमपुर

**अमृत विचार।** पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ट्रैक्टर चोरी की वारदात का महज 24 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

घाटमपुर थाना क्षेत्र के अशोक नगर दक्षिणी निवासी आशीष तिवारी का ट्रैक्टर गुरुवार सुबह करीब 7 बजे घाटमपुर चौराहा (जहानाबाद रोड) से चोरी हो गया था। घटना के बाद पीड़ित ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस तुरंत हरकत में आ गई। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने आसपास लगे करीब एक दर्जन सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। लगातार जांच और ट्रैकिंग के बाद पुलिस आरोपियों तक पहुंचने में सफल रही। पूछताछ में एक आरोपी ने अपनी पहचान जहानाबाद थाना क्षेत्र के कोरईपुर निवासी 26 वर्षीय नीरज पुत्र सुरेश के रूप में बताई, जबकि दूसरे ने सजेती थाना क्षेत्र के धमना बुजुर्ग निवासी 45 वर्षीय वीरेंद्र पुत्र छोटे के रूप में अपनी पहचान बताई। पुलिस ने दोनों आरोपियों को शुक्रवार दोपहर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भरोसा बढ़ा है।

एसीपी कृष्णकांत यादव ने बताया कि चोरी की सूचना मिलते ही टीम सक्रिय हो गई थी। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया गया। दोनों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।



आरोपी चोरों को पकड़ कर ले जाती पुलिस। अमृत विचार

### ट्रांसफार्मर का तेल चोरी होने से विद्युत आपूर्ति बाधित

**शिवराजपुर।** बैरी गांव में ट्रांसफार्मर से तेल चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। विद्युत विभाग के अधिकारी ने बताया कि बैरी गांव में 400 केवी का ट्रांसफार्मर स्थापित है, जिससे पूरे गांव को विद्युत सप्लाई दी जाती है। आपूर्ति बाधित होने पर लाइनमैन ने ट्रांसफार्मर देखा तो उसके आसपास तेल फैला हुआ था व ट्रांसफार्मर में लगे ड्रेन वाल्व कैप व नट बोल्ट खुले थे, जिससे यह मालूम पड़ा की ड्रेन वॉल्व तक तेल चोरी हो गया व उसके नट बोल्ट खुले थे। चोरी हुए तेल की कीमत 42000 रुपये बताई गई है। थाना प्रभारी अमित सिंह ने बताया कि तेल चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# बोरवेल में आग लगी, अनाज समेत पाइप जलकर राख



जला पड़ा सामान। अमृत विचार

**घाटमपुर।** घाटमपुर के सजेती के बीबीपुर में ट्यूबवेल में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। सूचना मिलते पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची, टीम ने कड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया, इस दौरान आग की चपेट में आने से हजारों रुपये का सामान जलकर राख हो गया।

सजेती थाना क्षेत्र के बीबीपुर गांव निवासी रज्जन सिंह पुत्र कंचन ने बताया कि उनका ट्यूबवेल बीबीपुर और मऊनखत रोड पर खेत में स्थित है, शुक्रवार दोपहर संदिग्ध परिस्थितियों में खेत में स्थित ट्यूबवेल में आग लग गई, साथी किसानों ने आग लगने की सूचना उन्हें दी। उन्होंने आग लगने की सूचना फोनकर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम को दी। जानकारी मिलते मौके पर पहुंची पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया, इस दौरान आग की चपेट में आने से बोरवेल में लगे पाइप समेत यहां पर रखा चना व अन्य अनाज जलकर राख हो गए। आग की चपेट में आने से बोरवेल का पाइप भी जल गया। उन्होंने संदिग्ध के खिलाफ आग लगाने की आशंका पुलिस से जताई है। सजेती थाना प्रभारी अनुज भारती ने बताया कि सूचना मिली थी, आग पर काबू पाया गया है। घटना की जांच पड़ताल की जा रही है।

### बेटी के साथ दुष्कर्म करने वाले बाप को 12 साल का कारावास

**हमीरपुर।** सुमेरपुर कस्बे में आठ वर्ष पूर्व नशेड़ी पिता ने अपनी 16 वर्षीय बेटी को हवस का शिकार बनाया। अदालत ने आरोपी पिता को 12 वर्ष का कठोर कारावास व 15 हजार जुर्माने की सजा सुनाई है।

विशेष लोक अभियोजक पॉक्सो रुद्र प्रताप सिंह ने बताया कि सुमेरपुर कस्बे के एक मोहल्ला निवासी किशोरी के साथ उसके पिता किशन ने 29 मार्च 2018 को दोपहर करीब एक बजे घर में अकेले सोते समय शराब के नशे में जबरन हवस का शिकार बनाया था। दुष्कर्म के बाद धमकाया कि यह बात किसी को बताई तो जान से मार देगा। घटना के समय पीड़िता की मां खेत फसल काटने गई थी, पिता की धमकी से डरी पीड़िता ने 10 दिन बाद सुमेरपुर थाने पहुंच तहरीर दी थी। पुलिस ने आरोपी पिता के खिलाफ दुष्कर्म व पॉक्सो का मुकदमा दर्ज किया था। मुकदमे की सुनवाई करते हुए विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो) की अदालत ने आरोपी पिता को 12 वर्ष का कठोर कारावास व 15 हजार जुर्माने की सजा सुनाई।

# कर्ज व बीमारी से तंग वृद्ध ने फांसी लगाकर दी जान

संवाददाता ,घाटमपुर

**अमृत विचार।** सजेती के अज्योरी गांव में शुक्रवार सुबह एक 62 वर्षीय वृद्ध महावीर कुटार ने अपने सूने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय परिवार के सभी सदस्य खेतों में काम करने गए हुए थे। मौके पर पहुंची पुलिस ने फोरेंसिक टीम को बुलाकर घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने के साथ शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

परिजनों के मुताबिक महावीर कुटार ने घर के अंदर दीवार के गालों में रखे बांस के सहारे रस्सी बांधकर फंदा लगा कर जान दे दी। सुबह करीब 9 बजे जब उनकी पत्नी राजकुमारी खेत से वापस घर लौटीं, तो पति को फंदे पर लटका देख चीख पड़ीं। उनकी आवाज सुनते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और देखते ही देखते भीड़ जुट गई। सूचना मिलने पर सजेती थाना पुलिस मौके पर पहुंची और फोरेंसिक टीम को बुलाकर साक्ष्य जुटाए। इसके बाद पुलिस ने पंचायतनामा की कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सजेती थाना प्रभारी अनुज भारती ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है, घटना की जांच पड़ताल की जा रही है।

परिजनों के मुताबिक, महावीर कुटार बीते लंबे समय से शारीरिक और आर्थिक परेशानी से जूझ रहे थे। 23 जुलाई 2025 को सजेती में हुए एक ट्रक हादसे में उनका पैर टूट गया था, जिसका ऑपरेशन तो हुआ, लेकिन वह पूरी तरह ठीक नहीं हो पाया। इस कारण वह कोई काम नहीं कर पा रहे थे और इलाज में काफी कर्ज भी हो गया था। लगातार बढ़ती आर्थिक तंगी और शारीरिक अक्षमता से वह परेशान रहते थे।

# बाइक डिवाइडर से टकराई, एक की मौत दो घायल

संवाददाता, चौबेपुर

**अमृत विचार।** क्षेत्र के मरियानी गांव के निकट हाईवे पर शुक्रवार सुबह तेज रफ्तार बाइक डिवाइडर में लगे लोहे के एंगल से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार तीन लोग घायल हो गये। घायलों में एक की हैलट अस्पताल ले जाने के दौरान रास्ते मे मौत हो गई। पुलिस ने पंचनामा के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। वहीं अन्य दो का उपचार जारी है।

क्षेत्र के देदूपुर गांव निवासी विश्वनाथ, हरीलाल व अशोक प्रतिदिन की तरह शुक्रवार सुबह मजदूरी करने के लिए एक बाइक पर सवार होकर घर से निकले थे। तभी करीब 9:00 बजे क्षेत्र के मारियानी व भिड़ुरी गांव के मध्य हाईवे पर तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर में लगे लोहे के एंगल से जा टकराई। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार तीनों युवक उछलकर दूर जा गिरे। हादसे की सूचना पर एन एच आई की टीम व थाना पुलिस एंबुलेंस लेकर मौके पर पहुंची और बीच मार्ग पर लहूलुहान पड़े घायलों को उपचार के लिए सीएचसी पहुंचाया। जहां गंभीर हालत के चलते विश्वनाथ (35) को प्राथमिक उपचार के बाद हैलट कानपुर रेफर कर दिया गया। अस्पताल पहुंचने से पहले ही विश्वनाथ की सांसें थम गईं। प्रभारी निरीक्षक दुर्गेश मिश्रा ने बताया कि सड़क हादसे में युवक की मौत हुई है। पंचनामा के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।




घटनास्थल पर मौजूद लोग। अमृत विचार

- मरियानी गांव के निकट हाईवे पर शुक्रवार सुबह हुआ हादसा

# जहांगीराबाद में ऑटो-बाइक की टक्कर में तीन जख्मी

संवाददाता ,घाटमपुर

**अमृत विचार।** जहांगीराबाद में देर रात ऑटो की टक्कर से बाइक सवार तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को एम्बुलेंस से घाटमपुर सीएचसी पहुंचाया।

वहां पर डाक्टर ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर हालत में तीनों को कानपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना के बाद ग्रामीणों ने हाईवे जाम करने का प्रयास किया, पुलिस के समझाने पर ग्रामीण माने, इसके बाद हाईवे पर यातयात बहाल हुआ। घाटमपुर थाना क्षेत्र के जहांगीराबाद गांव निवासी 35 वर्षीय बबलू दिवाकर पुत्र मूलचंद्र गांव निवासी साथी 42 वर्षीय सुभाष कुरील पुत्र किशन, 52 वर्षीय इंद्रपाल कुरील पुत्र स्व० कुढहा प्रसाद के साथ बाइक से घर वापस लौट रहे थे, जैसे ही वह जहांगीराबाद गांव पहुंचे। तभी तेज रफ्तार ऑटो ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को घाटमपुर सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर हालत में तीनों को कानपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस घटना की जांच पड़ताल कर रही है। घाटमपुर एसीपी कृष्णकांत यादव ने बताया कि घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया है, घटना की जांच की जा रही है, तहरीर के आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

### हिंद स्वराज के सूत्रधार थे छत्रपति शिवाजी महाराज

**हमीरपुर।** वर्णिता संस्था के तत्वावधान में विमर्श विविधा के अंतर्गत छापामार युद्ध नीति के जनक छत्रपति शिवाजी महाराज की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष डा.भवानीदीन ने कहा कि शिवाजी महाराज केवल मराठा साम्राज्य के संस्थापक ही नहीं थे, अपितु रणकौशल के महारथी भी थे।

उनका जन्म 19 फरवरी 1630 को शिवनेरी में शाहजी भोंसले और जीजाबाई के घर हुआ था। यह प्रारम्भ से ही देश धर्मी थे। उन्होंने मुगलों से जमकर लोहा लिया, औरंगजेब का भी मुकाबला किया। इनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। 1674 में रायगढ़ में इनका राज्याभिषेक हुआ और ये छत्रपति बन गये। ये हिन्द स्वराज के सूत्रधार भी थे। इन पर माता पिता का बहुत प्रभाव था। इस दौरान वहां पर तमाम लोग मौजूद रहे।

# वार्षिक उत्सव में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

संवाददाता शिवराजपुर

**अमृत विचार।** स्थानीय रामसहाय राजकीय महाविद्यालय में वार्षिक उत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह 2026 का भव्य आयोजन किया गया। यहां पर आये अतिथि एवं महाविद्यालय की प्राचार्य ने दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस दौरान छात्र-छात्राएं, अभिभावक व अतिथि समेत तमाम लोग मौजूद रहे

रामसहाय राजकीय महाविद्यालय के सभागार में वार्षिक उत्सव का आयोजन बड़े ही धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. अपर्णा सिंह द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इसके उपरांत छात्रा श्रेया सिंह ने गीत प्रस्तुत किया, जबकि बीए. चतुर्थ सेमेस्टर की छात्राओं राखी, प्रीति एवं उनके साथियों ने मां सरस्वती और गणेश वंदना की युगल प्रस्तुति देकर पूरे वातावरण को भक्तिमय कर दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा से सबका मन मोह लिया। लोकगीत 'बन्नी' की प्रस्तुति कशिश कटियार, शिफा खानम और सोनम ने दी, तो वहीं रिया अवस्थी ने कजरी नृत्य से दर्शकों की तालियां बटोरीं। कार्यक्रम का एक मुख्य आकर्षण भारत की अनेकता में एकता विषय पर आधारित नृत्य रहा, जिसमें प्रीति, राधा, शांभवी, श्रेया सिंह और राखी ने हरियाणा, पंजाब, गुजरात, मराठा और बंगाल जैसे विभिन्न राज्यों की लोक संस्कृतियों का एक सुंदर गुलदस्ता पेश किया। गायन के क्षेत्र में छात्र जीशान ने कभी अलविदा न कहो दोस्तों गीत गाकर पुरानी यादों को ताजा कर दिया। साथ ही, विद्यार्थियों द्वारा मंचित नाटक 'अंधेर नगरी चौपट राजा' ने विभिन्न दृश्यों के माध्यम से सामाजिक व्यवस्था पर गहरा कटाक्ष किया, जिसमें उन्नति, कनिष्का, नितिन, आयुष और शिफा सहित अनेक कलाकारों ने जीवंत अभिनय किया।

समारोह के द्वितीय चरण में मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इसके अतिरिक्त एन.एस.एस. (NSS), सड़क सुरक्षा अभियान, पोस्टर प्रतियोगिता (हर घर तिरंगा), सेल्फी और रंगोली प्रतियोगिता के विजेताओं सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्या प्रो. (डॉ.) अपर्णा सिंह ने अपने संबोधन में सभी छात्र-छात्राओं को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस पूरे आयोजन को सफल बनाने में सांस्कृतिक क्लब प्रभारी डॉ. आलोक पाण्डेय, समन्वयक डॉ. सुमन शुक्ला का विशेष सहयोग रहा।




नाट्य मंचन करती छात्राएं। अमृत विचार

- रामसहाय राजकीय महाविद्यालय में वार्षिक उत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित

# नाली के विवाद में मां-बेटे को पीटा, दो लोग घायल

संवाददाता, चौबेपुर

**अमृत विचार।** क्षेत्र के मरखरा गांव में नाली विवाद के चलते पड़ोसियों ने महिला व उसके बेटे के साथ मारपीट की। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों की विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू की है।

क्षेत्र के मरखरा गांव निवासी बिटाना पत्नी दरोगा सिंह ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया है की गत बुधवार सुबह करीब 6:00 बजे पड़ोस के मुंशीलाल व उनके पुत्रों पंकज विमल आदि ने नाली के विवाद को लेकर गाली गलौज की। विरोध करने पर मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान बचाव के लिए दौड़े बेटे राजन पर भी ईंट पत्थर से हमला कर दिया। जिससे बेटे को गंभीर चोटें आईं। शोर मचाने पर दौड़े ग्रामीणों को देख उक्त लोग जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग निकले।

**वहीं** मारपीट की एक अन्य घटना में पचोर निवासी अभिषेक पुत्र स्व राजेंद्र मिश्रा ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया है कि गत सोमवार शाम करीब 7:00 बजे वह अपने लोडर में कोल्ड ड्रिंक्स लाद कर बंसठी गांव जा रहा था। तभी रास्ते में मन्नूलाल स्कूल के पास ततारपुर गांव के श्याम यादव, धीरज यादव,अंशू,सुधीर आदि ने उसका लोडर रोक लिया।

विरोध करने पर लाठी डंडों से मारा पीटा। जिसमें उसे गंभीर चोटेंआईं। प्रभारी निरीक्षक दुर्गेश मिश्रा ने बताया कि पीड़ित पक्षों की तहरीर पर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

- पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया

**आक्रोश** सपा नेत्री रचना सिंह गौतम ने सरकार और स्थानीय प्रशासन के खिलाफ खोला मोर्चा

# पेयजल समस्या को लेकर सपा का हल्लाबोल

संवाददाता ,शिवराजपुर

**अमृत विचार।** ब्लॉक क्षेत्र के सखरेज गांव में पेयजल की भीषण समस्या को लेकर सपा नेत्री रचना सिंह गौतम ने सरकार और स्थानीय प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। शुक्रवार को सखरेज गांव का दौरा कर उन्होंने ग्रामीणों की समस्यायें सुनीं और अधिकारियों की लापरवाही पर कड़ी आपत्ति जताई।

रचना सिंह ने बताया कि समाजवादी पार्टी की सरकार के दौरान यहां पानी की टंकी का निर्माण कराया गया था, जिससे पूरे गांव को जल आपूर्ति होती थी। लेकिन भाजपा के 10 वर्षों के कार्यकाल में रखरखाव के अभाव में टंकी सफेद हाथी बन गई है। आज यहां के निवासी 4 किलोमीटर दूर से पानी लाने को मजबूर हैं।

रचना सिंह ने आरोप लगाया कि अधिकारियों के अंदर की नैतिकता खत्म हो चुकी है और उन्हें जनता की पुकार सुनाई नहीं दे रही। साथ ही उन्होंने कहा कि यदि ग्रामीणों के लिये पानी की व्यवस्था नहीं की गई तो समाजवादी पार्टी बड़ा आंदोलन करेगी।



प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन करते सपाई। अमृत विचार

# प्रधानाचार्य के भाई पर जानलेवा हमला

संवाददाता, बिल्हौर

**अमृत विचार।** अरौल थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रौगांव में गुरुवार रात पुरानी रंजिश और दबंगई के चलते आधा दर्जन युवकों ने एक व्यक्ति पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में पीड़ित के हाथ पर चाकू लगने से गंभीर घाव हो गये हैं, पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मामले में अभियोग दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

ग्राम रौगांव निवासी सत्यम पाल, जो मेवा लाल स्मारक हाई स्कूल में प्रधानाचार्य के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि गुरुवार रात करीब 8:30 बजे वह अपने घर में भोजन कर रहे थे, तभी अचानक घर के बाहर से चीख-पुकार और शोर-शराबा सुनाई दिया।जब वे बाहर भागे तो देखा कि उनके बड़े भाई आदित्य पाल, जो सड़क पर खड़े थे, को गांव के ही कुछ दबंगों ने घेर रखा था। आरोप है कि गांव के निवासी छोटू यादव उर्फ अमित यादव, अविनाश यादव, रोहित यादव और देवेश यादव गाली-गलौज करते हुए आदित्य के साथ बेरहमी से मारपीट कर रहे थे।

मारपीट के दौरान ही हमलावरों में से एक ने चाकू निकालकर आदित्य पर जानलेवा हमला कर दिया। बचाव के प्रयास में चाकू आदित्य के हाथ पर लगा, जिससे उसके हाथ में गहरा घाव हो गया और खून बहने लगा। सत्यम पाल और अन्य ग्रामीणों को आता देख हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।

घटना की सूचना मिलते ही अरौल थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायल आदित्य पाल को तत्काल अस्पताल भिजवाया, जहां घाव गहरा होने के कारण उन्हें कई टांके लगाए गए। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर नामजद आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।अरौल पुलिस ने शुक्रवार को दबिश देकर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। अन्य नामजद आरोपियों (अविनाश, रोहित और देवेश) की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें उनके संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही हैं। थाना प्रभारी जनार्दन यादव ने बताया कि शांति व्यवस्था भंग करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

> आरोपी दबंग प्रवृत्ति के हैं और आए दिन विवाद करते रहते हैं। शोर न मचता तो भाई के साथ कोई बड़ी अनहोनी हो सकती थी।
> **–सत्यम पाल (प्रधानाचार्य)**

अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS
• MODULAR OT
दूरबीन विधि से आप्रेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडिक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999


# जून में शुरू होगा सीओडी और मकड़ीखेड़ा नाले का निर्माण

## दोनों नालों के निर्माण के लिए शासन ने आवंटित किया बजट, जलभराव से मिलेगी निजात

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बाबूपुरवा, बेगमपुरवा, किदवईनगर आदि इलाकों के लोगों को बारिश के समय होने वाले जलभराव से निजात मिलेगी। इस प्रोजेक्ट का प्रस्ताव विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने दिया था। इसके साथ ही नवशील धाम से मकड़ीखेड़ा तक नाला बनेगा। दोनों परियोजनाओं के लिए बजट आवंटित कर दिया गया है। इनका निर्माण जून माह से शुरू होगा। जल निगम की सीएंडीएस इकाई ने टेंडर की प्रक्रिया शुरू कर दी है। सीओडी नाला 161.34 करोड़ रुपये से बनेगा तो मकड़ीखेड़ा नाले का निर्माण 158.86 करोड़ रुपये से किया जाएगा।

बिनगवां, कांदीपुर, ट्रांसपोर्ट नगर, अजीतगंज, दहेली सुजानपुर, चंदारी, बाबूपुरवा, राखीमंडी, मुंशीपुरवा, बेगमपुरवा, हलवाखाड़ा, किदवईनगर,नौबस्ता, पशुपति नगर, यशोदानगर, हंसपुरम, हंसपुरम आवास-विकास, नौबस्ता, कृष्णानगर, गांधीग्राम, उस्मानपुर, बसंत विहार आदि मोहल्लों में बारिश के दौरान जबरदस्त जलभराव होता है। कई बार तो लोगों के घरों में पानी भर जाता है। इन मोहल्लों के बारिश का पानी सीओडी नाले से पांडु नदी में जाता है, लेकिन नाला कई जगहों पर कच्चा है। ऐसे में मिट्टी धसकने की वजह से जाम हो जाता है। इससे पानी की निकासी सही ढंग से नहीं हो पाती है। इस समस्या के समाधान के लिए ही विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने प्रस्ताव तैयार कराया था। 6.064 किलोमीटर लंबे नाले को 10 मीटर चौड़ा बनाया जाएगा। इसकी गहराई साढ़े तीन मीटर होगी ताकि पूरे फ्लो से पानी बहे। यह पूरी तरह से आरसीसी होगा। इसके बन जाने से करीब दो लाख आबादी को लाभ होगा। नाला किदवई नगर बाईपास से हमीरपुर मुख्य मार्ग होते हुए पांडु नदी में गिरता है। इसके निर्माण के लिए 161.34 करोड़ रुपये खर्च किया जाएगा। शासन ने फिलहाल 56.46 करोड़ आवंटित किए हैं। अब टेंडर प्रक्रिया शुरू होगी।


मकड़ीखेड़ा नाला बारिश में ओवरफ्लो हो जाता है।

**161.34** करोड़ रुपये से बनेगा सीओडी नाला

**158.86** करोड़ से मकड़ीखेड़ा नाले का निर्माण


सीओडी नाले का निर्माण होने से जलभराव की समस्या का समाधान हो जाएगा। जल्द ही निर्माण का कार्य शुरू हो जाएगा। कार्यदायी संस्था इस संबंध में प्रक्रिया शुरू कर चुकी है।
– सतीश महाना, विधानसभा अध्यक्ष


मकड़ीखेड़ा नाले के निर्माण के लिए प्रस्ताव भेजा था। उसे न सिर्फ मंजूरी मिली बल्कि बजट भी आवंटित हो गया है। जल्द ही निर्माण का कार्य शुरू हो जाएगा। इससे हजारों लोगों को लाभ मिलेगा।
– नीलिमा कटियार, विधायक

### कई क्षेत्रों में जलभराव की गंभीर समस्या

- कल्याणपुर उत्तरी, कल्याणपुर दक्षिणी, विसायकपुर, मकड़ीखेड़ा, नानकारी आदि क्षेत्रों में जलभराव बड़ी समस्या है। इन इलाकों में बारिश के दिनों में कई– कई दिनों तक पानी भरा रहता है। इससे न सिर्फ आवागमन में परेशानी होती है बल्कि संक्रामक बीमारियों का प्रकोप भी फैलता है। समस्या के समाधान के लिए ही नवशील धाम से मकड़ीखेड़ा नाले के निर्माण के लिए 158 .86 करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं। 55 .60 करोड़ रुपये आवंटित कर दिया गया है।

## पूर्व बैंक प्रबंधक समेत पांच को तीन साल कैद

**कानपुर।** लाल बंगला स्थित बैंक ऑफ इंडिया की शाखा में फर्जी नाम से ऋण बांटने के मामले में तत्कालीन वरिष्ठ प्रबंधक और चार अन्य लोगों को तीन- तीन साल की सजा और 3.4 लाख रुपये जुर्माना लगाया गया है। यह फैसला लखनऊ स्थित सीबीआई न्यायालय मध्य ने सुनाया। मामले में 26 अप्रैल 2010 को न्यायालय में आरोप पत्र दायर किया गया था। 11 जनवरी 2008 को बैंक आफ इंडिया के आंचलिक प्रबंधक ने सीबीआई को दी गई तहरीर में आरोप लगाया था कि लालबंगला शाखा के तत्कालीन वरिष्ठ प्रबंधक नरेश चंद्र भारद्वाज ने 17 जुलाई 2006 से 26 अक्टूबर 2006 के दौरान विक्रम दीक्षित एवं कुछ अन्य अज्ञात व्यक्तियों के साथ आपराधिक साजिश की। उन्होंने फर्जी एवं काल्पनिक दस्तावेजों के आधार पर गैर-मौजूद / छद्म नामधारी उधारकर्ताओं के नाम पर आवासीय ऋण, ओडी मॉर्गेज ऋण व ऑटो खरीदने के लिए स्वीकृत किया। इस तरह उन्होंने बैंक ऑफ इंडिया को लगभग 41.50 लाख रुपये की वित्तीय हानि पहुंचाई। उनकी तहरीर पर सीबीआई ने मुकदमा दर्ज किया और 26 अप्रैल 2010 को आरोप पत्र दायर किया। कोर्ट ने तत्कालीन बैंक प्रबंधक नरेश चंद्र भारद्वाज, कानपुर निवासी साधना दीक्षित, राम जी शुक्ला, जितेंद्र श्रीवास्तव और प्रेम प्रकाश को दोषी ठहराया गया। मामले में न्यायालय ने सभी को तीन- तीन साल के कारावास और 3.4 लाख रुपये के जुर्माना लगाया।

## सिटी ब्रीफ

### ध्यान भटकाकर ऑटो सवार महिला का मंगलसूत्र पार

**कानपुर।** बर्रा में ऑटो सवार महिला का ध्यान भटकाकर सवारी बन बैठी महिलाओं ने उसका सोने का मंगलसूत्र पार कर दिया। तहरीर के अनुसार दामोदर नगर नौबस्ता निवासी खुशबू द्विवेदी ने बताया कि बीती 23 मार्च की दोपहर करीब डेढ़ बजे वह कर्रही जाने के लिए ऑटो में बैठी थीं। जिसमें पहले से तीन महिलाएं सवार थीं। जिनमें एक युवती और दो उम्रदराज महिलाएं थीं। जबकि और एक महिला के हाथ में छोटा बच्चा भी था। कुछ दूर चलने पर युवती ने उनके पैर पर पैर रख दिया और अचानक उन पर उल्टी करने लगी, जिससे वह घबरा गईं। इसी बीच महिलाओं ने उनका हाथ पकड़कर ध्यान भटका दिया और मौका पाकर गले मे पड़ा सोने का मंगलसूत्र निकाल लिया। जिसकी कीमत करीब 1.67 लाख रुपये है। शक होने पर उन्होंने ऑटो रुकवाने का प्रयास किया तो चालक ने गाड़ी धीमी की और वह कूदकर नीचे उतर गईं, लेकिन तब तक आरोपी महिलाएं और चालक मौके से फरार हो गए। बाद में महिला ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस आसपास के कैमरे खंगाल रही है।

### आज छाए रह सकते हैं बादल

**कानपुर।** शहर में गर्मी ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। मौसम विभाग ने शुक्रवार को शहर का अधिकतम तापमान 35 .8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इसी तरह न्यूनतम तापमान 22 .4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया। खास बात यह है कि न्यूनतम तामपान में सिर्फ 24 घंटे के भीतर 3 डिग्री सेल्सियस की बढोतरी दर्ज हुई है। मौसम विशेषज्ञ डॉ. एसएन सुनील पाण्डेय ने बताया कि शनिवार को शहर में हल्के बादल व हल्की बूंदाबादी संभव हो सकती है। तापमान में एक या दो डिग्री सेल्सियस का पिरवर्तन हो सकता है।

### आज जुहारी में लगेगा रोजगार मेला

**कानपुर।** सेवायोजन विभाग की ओर से शनिवार को जुहारी देवी पीजी कॉलेज में रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा। इस रोजगार मेले में 9 निजी कंपनियां छात्राओं को रोजगार देने आ रहीं है। रोजगार मेले में शामिल होने के लिए प्रतिभागी को ऑनलाइन पंजीकरण करना होगा। निजी कंपनियां 850 पदों पर प्रतिभागियों के साक्षात्कार लेने आ रहीं है।

## केस्को की तरह अब केडीए में भी लें ओटीएस का लाभ

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** केस्को की तर्ज पर अब कानपुर विकास प्राधिकरण भी एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) की शुरुआत की गई है। इस योजना के तहत उन लोगों को लाभ मिलेगा, जो लोग अपने भूखंड या फ्लैट की किश्तें समय पर नहीं भर पाए और डिफॉल्टर हो गए। उन्हें अब बिना ब्याज के बकाया रुपये जमा करने का मौका मिलेगा। ब्याज का बोझ हटाकर सीधे मूल रकम जमा करके वह अपनी संपत्ति को बचा सकते हैं।

केडीए में एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) की शुरुआत 18 अप्रैल से 17 जुलाई तक संचालित की जाएगी। योजना के तहत आवंटी अपने बकाया का निपटारा आसानी से कर सकते हैं। आंकड़ों के मुताबिक करीब 1500 ऐसे आवंटी हैं, जिन्होंने लंबे समय से किश्तें जमा नहीं की हैं, इनके लिए यह सुनहरा मौका होगा। केडीए वीसी मदन सिंह गर्ब्याल ने बताया कि इस योजना की खास बात ये होगी कि आवंटियों को किसी भी तरह का ब्याज नहीं देना होगा। आमतौर पर देर से भुगतान करने पर भारी ब्याज जुड़ जाता है, जिससे रकम काफी बढ़ जाती है, लेकिन इस स्कीम में सिर्फ मूल राशि जमा करके ही मामला खत्म किया जा सकता है। इससे न सिर्फ आवंटियों को राहत मिलेगी, बल्कि केडीए को भी लंबित रकम की वसूली करने में आसानी होगी। कई लोग सिर्फ बढ़ते ब्याज की वजह से भुगतान नहीं कर पा रहे थे, अब उनके लिए रास्ता साफ हो गया है। केडीए ने आवेदन प्रक्रिया को भी बेहद आसान रखा है। आवंटी चाहें तो घर बैठे ऑनलाइन आवेदन भी कर सकते हैं या फिर सीधे केडीए कार्यालय जाकर ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।

## जेल में बंद भाई को चरस देने पहुंची बहन, तलाशी में पकड़ी गई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- जींस में छिपाकर ले गई थी चरस, सामान की तलाशी ली तो पकड़ में आई
- डिप्टी जेलर की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर कोतवाली पुलिस ने जेल भेजा

**अमृत विचार।** जेल में बंद भाई से मिलने पहुंची बहन अपनी करतूतों के कारण खुद भी सलाखों के पीछे पहुंच गई। हुआ यह कि महिला भाई को देने के लिए जींस में चरस छिपाकर उससे मिलने पहुंच गई। तलाशी के दौरान उसकी जींस के पॉकेट में एक पन्नी में काला पदार्थ बरामद हुआ। पहले महिला ने गुमराह करने का प्रयास किया। जब सख्ती से पूछताछ हुई तब बताया कि भाई के लिए चरस लाई थी। इसके बाद डिप्टी जेलर की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी महिला को जेल भेज दिया। हालांकि महिला पकड़ी गई, लेकिन उसकी इस हरकत से जेल प्रशासन में हड़कंप मच गया।

उप जेलर मौसमी राय की ओर से कोतवाली में दी गई तहरीर में बताया गया कि एक अप्रैल की दोपहर करीब साढ़े बारह बजे जेल में बंदियों से मिलने आए मुलाकातियों की तलाशी कराई जा रही थी। महिला मुलाकातियों की तलाशी जेल वार्डन मनीषा ले रही थीं, जबकि सामान की जांच नंबरदार शालू मिश्रा उर्फ दीपक की ओर से की जा रही थी। इसी दौरान बंदी शाहिद उर्फ भोलू से मिलने आईं कैंट के अल्बर्ट रोड निवासी उसकी बहन शायरा के सामान की भी तलाशी ली गई तो जेल प्रशासन में हड़कंप मच गया। तलाशी के दौरान नीली जींस की जेब से एक पन्नी में काला पदार्थ बरामद हुआ। इस पर नंबरदार व मनीषा ने महिला से पूछताछ की।

शुरूआत में महिला ने गुमराह करने का प्रयास किया। वह गोलमोल जवाब देती रही। जब उससे सख्ती से पूछताछ की गई और पन्नी में मिले पदार्थ के बारे में पूछा गया तो बताया कि वह पदार्थ चरस है। जिसे वह अपने भाई को देने के लिए लाई थी। उसका भाई चरस पीता है। इस पर जेल प्रशासन में हड़कंप मच गया। जेल प्रशासन ने इसकी जानकारी कोतवाली पुलिस को दी। थाना प्रभारी जगदीश प्रसाद पांडेय ने बताया कि डिप्टी जेलर की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी महिला शायरा को जेल भेजा गया है।

सफर | बेंगलुरु से 167 और दिल्ली से 175 यात्री ही कानपुर आये

# फ्लाइट यात्री घटे, हैदराबाद से 75 ही आये

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- अचानक यात्रियों के घटने से एयरपोर्ट, एयरलाइंस दोनों चिंतित
- युद्ध के कारण बाजार डगमगाने से कम आ रहे हैं व्यापारी-कारोबारी

**अमृत विचार।** कानपुर की फ्लाइट में अमेरिका-इजरायल और ईरान के मध्य चल रहे युद्ध के बाद से ही यात्रियों की भारी कमी देखी जा रही है। शुक्रवार को उस वक्त कानपुर एयरपोर्ट और एयरलाइंस चिंतित हो गयी जब हैदराबाद में कानपुर के लिए मात्र 75 यात्री आये। ये भी माना जा रहा है कि विमानों का किराया बढ़ाने की खबर से यात्रियों में कमी आई है, इंडिगो एयरलाइंस ने किराये में फ्यूलचार्ज के नाम पर किमी के हिसाब से किराया बढ़ाने की बात कही है लेकिन अभी कोई किराया नहीं बढ़ा है।

शुक्रवार को हैदराबाद की फ्लाइट सुबह 10.51 बजे आई जिसमें 75 यात्री कानपुर आये लेकिन कानपुर से हैदराबाद जाने वाले यात्रियों की भी कमी रही, कानपुर से हैदराबाद के लिए मात्र 104 यात्रियों ने भी उड़ान भरी। इसी प्रकार बेंगलुरु फ्लाइट में मात्र 167 यात्री आये जबकि 169 यात्रियों ने कानपुर से उड़ान भरी।

कानपुर से दिल्ली जाने वाले यात्रियों की संख्या भी 130 रही जबकि दिल्ली से 175 यात्री कानपुर आये। ऐसे ही मुंबई फ्लाइट में भी कानपुर से मात्र 110 यात्रियों ने ही उड़ान भरी जबकि 175 यात्री मुंबई से कानपुर आये।



### व्यापारियों की कमी से विमानों पर प्रभाव

अमेरिका-इजरायल और ईरान के मध्य चल रहे युद्ध के बाद कानपुर के औद्योगिक क्षेत्रों में आने वाले व्यापारियों का आवागमन भी कम हो गया जिससे विमान पर संकट के बादल छाये हैं। सबसे ज्यादा मुंबई, हैदराबाद, बेंगलुरु के कारोबारी कानपुर आते थे जिनका आना जाना कम हो गया है।

**कानपुर आने वाले यात्रियों की स्थिति**

| दिन | मुंबई | बेंगलुरु | दिल्ली | हैदराबाद |
|---|---|---|---|---|
| बुधवार | 119 | 180 | 143 | 81 |
| गुरुवार | 113 | 161 | -- | -- |
| शुक्रवार | 175 | 167 | 175 | 75 |

**शहर से उड़ान भरने वाले यात्री**

| दिन | मुंबई | बेंगलुरु | दिल्ली | हैदराबाद |
|---|---|---|---|---|
| बुधवार | 117 | 162 | 113 | 117 |
| गुरुवार | 121 | -- | 133 | -- |
| शुक्रवार | 110 | 169 | 130 | 104 |

## सीएसजेएमयू में देशभर से दो सौ प्रतिभागी आएंगे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- उदंत मार्तंड से एआई युग तक के सफर पर होगा वैश्विक मंथन

**अमृत विचार।** सीएसजेएमयू के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग द्वारा हिंदी पत्रकारिता के 2 सौ वर्ष पूरे होने पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन 11 व 12 अप्रैल को किया जायेगा। यह अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के सहयोग से होगा। संगोष्ठी में पूरे देश से दो सौ से अधिक प्रतिभागी शिरकत करेंगे।

दो दिनों तक चलने वाले इस महासंवाद में देश दुनिया के शिक्षाविद, विषय विशेषज्ञ, शोधार्थी, विद्यार्थी एवं पत्रकार शामिल होंगे। 1 सौ से अधिक शोध पत्रों की प्रस्तुति की जायेगी। संगोष्ठी पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर विनय कुमार पाठक ने कहा कि हिंदी पत्रकारिता के 2 सौ वर्षों की ऐतिहासिक यात्रा न केवल भाषा के विकास की कहानी है, बल्कि यह भारतीय समाज, संस्कृति और लोकतांत्रिक मूल्यों के सशक्त संवाहक के रूप में भी रही है। इस महत्वपूर्ण अवसर पर सीएसजेएम विश्वविद्यालय द्वारा एक अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जाना हमारे लिए गर्व का विषय है। इस संगोष्ठी के माध्यम से देश-विदेश के विद्वान, शोधार्थी, पत्रकार और संचार विशेषज्ञ एक मंच पर एकत्रित होकर हिंदी पत्रकारिता की परंपरा, वर्तमान चुनौतियों और भविष्य की संभावनाओं पर विचार-विमर्श करेंगे। संगोष्ठी के संयोजक एवं पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के अध्यक्ष डॉ दिवाकर अवस्थी ने जानकारी दी कि इस संगोष्ठी में प्रतिभागिता के लिए पंजीकरण शुरू है।


सरकारी दरों पर सफल इलाज
आयुष्मान कार्ड धारक एवं अन्य ECHS / CGHS / TPA कार्ड धारकों का निःशुल्क इलाज
आपका स्वास्थ्य... हमारी प्राथमिकता
नारायना मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
सुपर स्पेशियालिटी – 1050 बेड सुसज्जित अस्पताल
(इकाई नारायना मेडिकल कॉलेज)
गंगागंज, पनकी कानपुर
द्वारा आयोजित
फ्री हेल्थ चेकअप कैंप
01 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक
स्थानः नारायना हॉस्पिटल परिसर
समयः प्रातः 9 बजे से शाम 6 बजे तक
फोन करके अपना रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित कर लें
सम्पर्क करें: 7800007704, 7800007705, 9918601150
पंजीकरण के समय आधार कार्ड और रजिस्टर्ड मोबाइल नम्बर अवश्य लाएं
सभी विभागों द्वारा निःशुल्क परामर्श
अब हर रोगी की पहुँच में उत्तम सर्जरी, अच्छा इलाज, आधुनिक सुविधाएं युक्त सरकारी एवं किफायती दरों पर
अत्याधुनिक तकनीक और अनुभवी सर्जनों के साथ सभी प्रकार की सुविधा उपलब्ध
24x7 EMERGENCY AND ICU
• सामान्य प्रसव ₹1,000
• ऑपरेशन विधि द्वारा डिलीवरी ₹5,000
• बड़े चीरे द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन ₹20,000
• बिना चीरे द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन ₹15,000
• दूरबीन विधि द्वारा ऑपरेशन ₹25,000
• दूरबीन द्वारा नसबंदी ₹2,000
• कॉल्पोस्कोपी ₹1,000
नाक, कान, गला का ऑपरेशन
• कान के पर्दे का ऑपरेशन ₹15,000
• कान के पर्दे + मास्टॉइड का ऑपरेशन ₹15,000
• नाक की हड्डी सीधी करने का ऑपरेशन ₹10,000
• टॉन्सिल निकालने का ऑपरेशन ₹10,000
• साइनस का एंडोस्कोपी वाला ऑपरेशन ₹12,000
• सांस की नली में छेद बनाना ₹8,000
• जबड़े के नीचे वाली लार ग्रंथि निकालना ₹10,000
• थायरॉइड का ऑपरेशन ₹15,000
• मुँह की बायोप्सी + CECT जाँच ₹5,000
आर्थोपेडिक्स के प्रमुख ऑपरेशन
• फ्रैक्चर / जोड़ से संबंधित ऑपरेशन
• कूल्हा प्रत्यारोपण
• घुटना प्रत्यारोपण
• दूरबीन विधि से घुटने/कंधे के लिगामेंट का ऑपरेशन
• कंधा प्रत्यारोपण
• रीढ़ की हड्डी का ऑपरेशन
• स्लिप डिस्क
• रीढ़ की नसों का दबाव कम करने का ऑपरेशन
• स्पोर्ट्स इन्जरी का ऑपरेशन
• जन्मजात बच्चे में विकृतियां सुधार का ऑपरेशन
• लिगामेंट टेंडन रिपेयर ऑपरेशन
• हाथ-पैर के छोटे-छोटे जोड़ का ऑपरेशन
न्यूरो विभाग के ऑपरेशन
• ब्रेन ट्यूमर का ऑपरेशन
• दिमाग की नस में खून जमना या फटने का ऑपरेशन
मोतियाबिंद का ऑपरेशन निःशुल्क (सिर्फ लेंस के खर्च पर)
• फेको विधि द्वारा एवं प्रीमियम लेंस की सुविधा सबसे कम दरों पर उपलब्ध
जनरल सर्जरी विभाग
• हाइड्रोसील ₹5,000
• चर्बी की गांठ ₹3,000
• मवाद की गांठ ₹3,000
• हर्निया - (दूरबीन विधि से ऑपरेशन) ₹25,000
• हर्निया - (चीरे से ऑपरेशन) ₹20,000
• पित्त की पथरी (दूरबीन से या चीरे से) ₹10,000
• एपेन्डिक्स (दूरबीन या चीरे से) ₹10,000
• आँतों में सुराख ₹20,000
• आँतों में रुकावट ₹20,000
• बवासीर, फिस्टुला (भगन्दर) का ऑपरेशन ₹8,000
• बवासीर का दूरबीन विधि (MIPH) ₹20,000
सभी पैकेज पर दवा एवं जाचों का शुल्क अलग से देय होगा
दवाओं की खरीद पर 10% तक की छूट *T&C Apply
मात्र 4 घंटे में CT Scan और MRI की रिपोर्ट प्राप्त करें
Dialysis ₹2000/-

| | SPECIAL RATE | NORMAL RATE |
|---|---|---|
| X-RAY | ₹150/- | ₹400/- |
| ULTRASOUND | ₹300/- | ₹800/- |
| CT SCAN | ₹1200/- | ₹3500/- |
| MRI | ₹2200/- | ₹5500/- |

नोट: कन्ट्रास्ट स्कैन पर ₹1200/– अतिरिक्त देय होगा
24x7 सुविधायें: आई.सी.यू. • एन.आई.सी.यू. • पी.आई.सी.यू. • एम.आर.आई • सी.टी.स्कैन • डिजिटल एक्स-रे • ब्लड बैंक • पैथोलॉजी एवं बायोप्सी • डायलेसिस • ऑक्सीजन प्लांट • वेंटिलेटर एम्बुलेंस • एम्बुलेन्स • मेडिकल स्टोर • ई.सी.जी. • एन.सी.वी. • ई.एम.जी. • ई.सी.टी.
24 घंटे इमरजेन्सी सुविधा एवं नारायना अस्पताल से 3 किमी. तक एम्बुलेन्स की सुविधा बिल्कुल मुफ्त
www.narainamedicalcollege.com | Email: nhrc@narainagroup.net

## सिटी ब्रीफ

### डीसीएम की टक्कर से युवक की मौत

**कानपुर।** नौबस्ता चौराहे पर सड़क पार कर रहे युवक की डीसीएम की चपेट में आने से मौत हो गई, पुलिस शिनाख्त में जुटी है। शुक्रवार सुबह नौबस्ता से बर्रा की ओर जा रही डीसीएम के सामने अचानक एक युवक सड़क पार करने लगा और वाहन की चपेट में आ गया। हादसे में वह पहियों के नीचे आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों की मदद से उसे पास के निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। युवक के सीने पर 'मनोज' नाम गुदा हुआ है जबकि बाएं हाथ पर 'सरोजनी', 'कृष्णा' और 'मुन्ना' लिखा मिला है, जिससे माना जा रहा है कि ये उसके परिजनों के नाम हो सकते हैं। थाना प्रभारी बहादुर सिंह के अनुसार पुलिस ने डीसीएम को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है और मृतक के परिजनों की तलाश की जा रही है।

### गुमटी बाजार चुनाव का 7 से नामांकन

**कानपुर।** गुमटी नं. 5 व्यापार मंडल के चुनाव के लिए नामांकन 7 अप्रैल से शुरू हो जाएंगे। गुमटी बाजार मे हुई एक बैठक के बादव्यापार मण्डल के चुनाव के लिए चुनाव कार्यालय की शुरुआत हुई। कार्यालय की शुरुआत गुमटी बाजार के वयोवृद्ध व्यापारी निर्मल तेज सिंह द्वारा फीता काट कर किया गया। बैठक में चुनाव अधिकारी मुकेश शुक्ला द्वारा चुनाव कार्यक्रम की तिथि घोषणा की गई। इसमें बताया गया कि व्यापार मंडल के चुनाव के लिए नामांकन 7 अप्रैल, नाम वापसी 9अप्रैल, मतदान 12 अप्रैल घोषित की गई है। इस दौरान व्यापार मण्डल अध्यक्ष राजे गुप्ता, महामंत्री नरेश भाटिया, कंवलनैन आहूजा, ओमप्रकाश भाटिया, रमेश भाटिया, अशोक अरोडा आदि रहे।

### आदर्श विहार व लेबर कॉलोनी में दूषित पानी

**कानपुर।** गोविंद नगर वार्ड 93 के आदर्श विहार और लेबर कॉलोनी में रहने वालों 400 परिवार दूषित जलापूर्ति व लीकेज से परेशान हैं, शुक्रवार को जब जलनिगम के अवर अभियंता सुधीर यादव और जलकल के अवर अभियंता विनोद रावत मौके पर पहुंचे तो क्षेत्र के लोगों ने उन्हें घेर लिया और समस्या का मौके पर निदान करने की बात करने पर अड़ गए। पार्षद नवीन पंडित ने बताया कि प्रीतम ढाबे के पास पेयजल लाइन लीकेज है, जिससे दूषित पानी लोगों के घरों तक पहुंच रहा। पानी की किल्लत न हो इसलिए 25 लाख रुपये से ट्यूबवेल लगाया गया, लेकिन उसके संचालन के लिए कर्मचारी की तैनाती नहीं है।

# फार्मर रजिस्ट्री नहीं करा पाने वालों को एक और मौका

**सुविधा**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश सरकार किसानों को बिचौलियों से बचाने और सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे उनके बैंक खातों तक पहुँचाने के लिए ''फार्मर रजिस्ट्री'' (किसान आईडी) अभियान को अब और तेज़ करने जा रही है। कानपुर जिले में अभी भी लगभग 29 प्रतिशत किसान ऐसे हैं जिन्होंने अपनी रजिस्ट्री नहीं कराई है। इन किसानों को जागरूक करने और मौके पर पंजीकरण करने के लिए 6 अप्रैल से 31 मई तक एक वृहद अभियान चलाया जाएगा।

**क्या है फार्मर रजिस्ट्री और क्यों है जरूरी?:** जैसे हर नागरिक के पास ''आधार कार्ड'' होता है, वैसे ही हर किसान के लिए ''किसान आईडी'' तैयार की जा रही है। इसे ''फार्मर रजिस्ट्री'' कहा जाता है। इसमें किसान का नाम, उसके खेत का खसरा-खतौनी नंबर और आधार से जुड़ा मोबाइल नंबर दर्ज होता है।

**29 परसेंट बचे किसानों के लिए अभियान:** कानपुर जनपद में कुल 2,41,877 किसान पीएम किसान योजना के लाभार्थी हैं। इनमें से अब तक 1,73,580 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री पूरी हो चुकी है, जो कुल लक्ष्य का लगभग 71.76% है। बाकी बचे हुए किसानों के लिए सरकार ने विशेष टीमें गठित की हैं। इस टीम में पंचायत सहायक, लेखपाल और कृषि विभाग के प्राविधिक सहायक (ग्रुप-सी) शामिल रहेंगे, जो गांव-गांव जाकर कैंप लगाएंगे।

**ये भी जानें**

- पीएम किसान सम्मान निधि, फसल बीमा, कृषि सब्सिडी और केसीसी का पैसा सीधे खाते में आएगा।
- बिचौलियों का खेल खत्म होगा और किसानों को सरकारी दफ्तरों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे।
- बिना फार्मर रजिस्ट्री के अब किसान सरकारी केंद्रों पर अपना अनाज नहीं बेच पाएंगे।

**06** अप्रैल से आईडी बनाने को शुरू होगा विशेष कैंप

**1.73** लाख किसानों का पंजीकरण पूरा

**31** मई तक हर हाल में करा लें रजिस्ट्रेशन

**29** प्रतिशत किसान अभी कानपुर में बाकी हैं

**पंजीकरण के लिए क्या करें**

किसान अपने पास आधार कार्ड, आधार से लिंक मोबाइल नंबर और अपनी खतौनी की नकल तैयार रखें। पंजीकरण सरकारी पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन, नजदीकी जन सेवा केंद्र या गांव में लगने वाले विशेष कैंप में जाकर कृषि विभाग के कर्मचारियों की मदद से कराया जा सकता है।



जिले में 6 अप्रैल से विशेष कैंप लगाकर छूटे हुए किसानों की फार्मर रजिस्ट्री की जाएगी। 31 मई तक चलने वाले इस अभियान का उद्देश्य हर पात्र किसान को डिजिटल डेटाबेस से जोड़ना है। किसान भाई जल्द से जल्द अपनी आईडी बनवा लें, ताकि उन्हें सरकारी खरीद और अन्य योजनाओं का लाभ लेने में कोई असुविधा न हो।

**आर.पी. कुशवाहा, भूमि संरक्षण अधिकारी**

किसान आईडी (फार्मर रजिस्ट्री) को शत-प्रतिशत पूरा करना प्रशासन की प्राथमिकता है। पंजीकरण से वंचित किसानों के लिए 6 अप्रैल से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पंचायत सहायक, लेखपाल और कृषि विभाग की टीमें गांव-गांव जाकर मौके पर ही पंजीकरण करेंगी। सभी किसान 31 मई तक अपनी किसान आईडी अवश्य बनवा लें, जिससे सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में कोई परेशानी न हो।

**— जितेंद्र प्रताप सिंह, जिलाधिकारी**

### केस्को की बिलिंग प्रणाली होगी अब और बेहतर

**कानपुर।** बिजली बिलिंग संबंधित आ रही दिक्कतों को दूर करने के उद्देश्य से तीन अप्रैल शाम को छह बजे से चार अप्रैल सुबह नौ बजे तक बिलिंग प्रणाली पूर्ण रूप से प्रभावित रहेगी। ऑनलाइन उपभोक्ता पोर्टल व यूपीपीसीएल कंज्यूमर ऐप पर उपलब्ध सभी ऑनलाइन सेवाएं बाधित रहेगी। केस्को मीडिया प्रभारी देवेंद्र वर्मा के मुताबिक आरएमएस बिलिंग प्रणाली पर मेंटेनेंस व कॉन्फियागरेशन करने के कारण बिल भुगतान, स्मार्ट मीटर रिचार्ज, बिल जनरेशन, भार वृद्धि आदि सुविधा शनिवार सुबह नौ बजे तक बाधित रहेगी।

स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं से अपील है कि वह अपने निगेटिव बैलेंस और पोस्टपेड बकाया के साथ अपने औसत मासिक बिल के समान धनराशि को सम्मलित करते हुये भुगतान करना सुनिश्चित करें।

# प्रीपेड स्मार्ट मीटर से बिजली न आने पर प्रदर्शन

## बर्रा विश्व बैंक स्थित एक स्कूल में सैकड़ों लोगों ने जताई नाराजगी, बिना बताए बिजली काटने का आरोप

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बर्रा विश्व बैंक ई-ब्लॉक में शुक्रवार को काफी देर तक बिजली न आने की वजह से परेशान होकर सैकड़ों लोग बर्रा विश्व बैंक सबस्टेशन पहुंचे। उपभोक्ताओं का आरोप है कि प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगने के बाद से घर की बिजली बिना सूचना के अचानक से कट जा रही है। रिचार्ज होने के बाद भी बिजली गुल हो रही है। लोगों ने सबस्टेशन में नारेबाजी की और इसके बाद वह बर्रा विश्व बैंक ई-ब्लॉक स्थित भुईया रानी पार्क पहुंचे और यहां पर विरोध प्रदर्शन प्रदर्शन किया। यहां पर स्थित प्राथमिक विद्यालय में रखे नए बिजली मीटर वाले कमरे में लोगों ने ताला लगा दिया। जब केस्को की टीम गाड़ी से मीटर लेने पहुंची तो गुस्साए लोगों ने कर्मचारियों को घेर लिया और केस्को की गाड़ी को वापस लौटा दिया। कर्मचारी किसी तरह भीड़ से बचते हुए मौके से निकल गए।

प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना है कि नए मीटर से लगातार बिजली संबंधित समस्याएं सामने आ रही हैं। नए मीटर लगने के बाद समय से बिजली का बिल नहीं आ रहा। पूरा रिचार्ज होने के बाद भी बिजली का बिल निगेटिव में दिख रहा है। बिना सूचना के बिजली कट जा रही है। मांग है कि पुराने मीटर वापस लगाए जाएं, नहीं तो आंदोलन जारी रहेगा। आरोप है कि कई बार शिकायत के बाद भी जिम्मेदार अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचे, जिससे लोगों में और नाराजगी बढ़ गई है। प्रदर्शन में क्षेत्र के सुरेश चौधरी, संदीप सैनी, अंकित नेता, विकु ठाकुर, शिव कुमार मिश्रा, बउआ, मदन, ओमी गुप्ता, जगदीश चंद गुप्ता, उर्मिला शर्मा, माया देवी, शिव कांति, राधा और शिव देवी आदि शामिल रहे।



प्रीपेड स्मार्ट मीटर के खिलाफ प्रदर्शन करते लोग। अमृत विचार



हाथ में मीटर लेकर गुस्सा जाहिर करता व्यक्ति। अमृत विचार



प्राथमिक विद्यालय में रखे कमरे में ताला लगाता क्षेत्रीय व्यक्ति। अमृत विचार

### इसलिए स्कूल में रखे थे मीटर

- **कानपुर।** बर्रा विश्व बैंक ई-ब्लॉक स्थित एक प्राथमिक विद्यालय में स्मार्ट मीटर रखे मिलने की जानकारी पर केस्को प्रबंध निदेशक सैमुअल पॉल एन ने जीनस कंपनी से स्पष्टीकरण मांगा। कंपनी ने बताया कि स्मार्ट मीटर परियोजना का मुख्य केंद्रीय स्टोर पनकी व दादानगर में स्थित है, जहां सभी नए व पुराने मीटर रखे जाते हैं। प्रतिदिन लगभग 900 से 1000 स्मार्ट मीटरों की स्थापना विभिन्न फीडरों व गलियों में की जाती है। स्थापना कार्य की गति व सुचारु संचालन बनाए रखने के लिए जिस फीडर, मोहल्ले या गली में उस दिन कार्य चल रहा होता है, वहां पर संबंधित दिन के लिए लगभग 200 से 250 मीटरों को अस्थायी रूप से रखा जाता है, ताकि इंस्टॉलेशन टीम बिना किसी बाधा के निर्धारित लक्ष्य के अनुसार कार्य कर सके।

### बोले लोग



प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाते समय केस्को कर्मियों ने आश्वासन दिया था कि इसके लगने से बिजली संबंधित दिक्कत नहीं होगी, लेकिन इसका उल्टा खामियाजा अभी शुरुआत से ही भुगतना पड़ रहा है।

**-विवेक सिंह**



बिजली का बिल जमा करने के बाद भी बैलेंस निगेटिव शो हो रहा है और बिजली अपने आप बिना सूचना के काट दी जा रही है, जिसकी वजह से न सिर्फ परिजनों व क्षेत्र के अन्य लोगों को भी दिक्कत हो रही है।

**-संदीप सैनी**



गर्मी के मौसम में बिजली न आने की शिकायत करने जब केस्को के बर्रा विश्व बैंक सबस्टेशन में गए तो यहां पर कर्मियों ने शिकायत को गंभीरता से नहीं लिया और सिर्फ आश्वासन देकर टाल दिया। अभी गर्मी पूरी तरह आई नहीं है।

**-असरफी**



पुराने मीटर में बिजली का बिल प्रतिमाह आता था, लेकिन नए मीटर में बिल तक नहीं आ रहा है, जिसकी वजह से लोगों को दिक्कत हो रही है। जानकारी न होने पर बिजली कट जा रही है, जिससे परेशानी हो रही है।

**-अतुल मिश्रा**

### बिजली काटी ही नहीं गई

स्मार्ट मीटर से कोई गड़बड़ी नहीं हो रही है। शुक्रवार को केस्को की ओर से बिजली कटौती संबंधित कोई भी कार्यवाही नहीं की गई। अगर क्षेत्र की बिजली कटी है तो संबंधित सबस्टेशन के अभियंता से जानकारी ली जाएगी। उपभोक्ताओं की शिकायत का संज्ञान न लेने की जानकारी होने पर कार्यवाही भी की जाएगी।

**देवेंद्र वर्मा, केस्को मीडिया प्रभारी**

# नौकरी का झांसा देकर देह व्यापार में धकेला

**अपराध**

- एक आरोपी को हिरासत में लिया गया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नौकरी दिलाने के नाम पर पश्चिम बंगाल की एक युवती को कानपुर बुलाकर देह व्यापार में धकेलने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को हिरासत में लिया है, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

पुलिस के अनुसार पश्चिम बंगाल निवासी युवती को कोलकाता के दादा नाम से पहचान रखने वाले व्यक्ति और कानपुर निवासी रोहित वर्मा ने नौकरी दिलाने का झांसा दिया था। बेहतर भविष्य और आर्थिक स्थिति सुधारने की उम्मीद में युवती उनके झांसे में आ गई और कानपुर पहुंच गई। आरोप है कि यहां पहुंचते ही उसे बंधक बना लिया गया और जबरन देह व्यापार में धकेल दिया गया। इस दौरान उस पर लगातार दबाव बनाया गया और उसे बाहर जाने की अनुमति नहीं दी जाती थी। बताया गया कि किसी तरह मौका पाकर युवती आरोपियों के चंगुल से निकलकर सीधे पुलिस आयुक्त कार्यालय पहुंची और पूरी घटना की जानकारी दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस आयुक्त के निर्देश पर एडीसीपी क्राइम सुमित सुधाकर रामटेके, एडीसीपी लाइन शिवा सिंह और ट्रेनी आईपीएस सुमेध एम जाधव के नेतृत्व में टीमों का गठन किया गया। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने इंदिरा नगर क्षेत्र से आरोपी रोहित वर्मा को हिरासत में लिया।

वहीं, 'कोलकाता के दादा' की गिरफ्तारी के लिए एक टीम पश्चिम बंगाल रवाना की गई है। पूछताछ में आरोपी ने पहले खुद को निर्दोष बताया, लेकिन बाद में कई अहम जानकारियां दीं। पुलिस को आरोपी के पास से एक न्यूज पोर्टल का आईडी कार्ड और शहर के कई होटलों के नाम व मोबाइल नंबरों की सूची मिली है। इसके आधार पर पुलिस ने कल्याणपुर समेत कई स्थानों पर छापेमारी की, जहां कुछ अनियमितताएं सामने आईं। पुलिस ने संबंधित होटलों के बुकिंग रजिस्टर और अन्य दस्तावेज कब्जे में ले लिए हैं।

### शनिवार को होगी पेशी

- एसीपी कल्याणपुर आशुतोष कुमार ने बताया कि एक आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। उसके द्वारा कुछ होटलों की जानकारी दी गई थी, जहां पुलिस ने छापेमारी की है। उन्होंने कहा कि आरोपी को शनिवार को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा जाएगा।

### अन्य राज्यों से जुड़े हो सकते हैं तार

- पुलिस के मुताबिक, प्रारंभिक जांच में इस रैकेट के तार अन्य राज्यों से जुड़े होने की संभावना है। पूरे नेटवर्क का खुलासा करने के लिए पुलिस गहन जांच में जुटी हुई है।

# संदिग्ध हालात में महिला की मौत, आत्महत्या या हादसा?

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** गोविंद नगर थाना क्षेत्र के संजय नगर में महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में हुईं मौत ने इलाके मे हड़कंप मचा दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस शुरुआती जांच में इसे आत्महत्या मान रही है। जबकि परिजन हादसा बता रहे हैं। मामले की गहन जांच के लिए फोरेंसिक टीम को भी बुलाया गया है।

संजय नगर में किराए के मकान में रहने वाले पेंटर मनीष की 30 वर्षीय पत्नी ममता शुक्रवार शाम करीब साढ़े सात बजे घर में संदिग्ध हालत में बेहोश मिली। उस समय उसकी 13 वर्षीय बेटी आराध्या और 6 वर्षीय बेटा आर्यन बाहर खेल रहे थे। बच्चों ने शोर मचाया तो पास में रहने वाली सास सीता मौके पर पहुंचीं और हालत देख आनन-फानन में पड़ोसियों की मदद से ममता को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके की जांच की। बुजुर्ग सास सीता का कहना है कि पंखे में दुपट्टा फंसने से हादसा हुआ है।

# केस्को में फाइबर रिइनफोर्ड प्लास्टिक सीढ़ियां

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** केस्को में अब बांस से बनी सीढ़ियां नहीं दिखेगी। क्योंकि केस्को प्रबंध निदेशक सैमुअल पॉल एन ने शुक्रवार को केस्को मुख्यालय में केस्को की 40 गाड़ियों के कर्मियों को 40 फाइबर रिइनफोर्ड प्लास्टिक सीढ़ियां (एफआरपी लैद्दर) वितरित की। साथ ही इसके उपयोग के लिए प्रशिक्षण भी कर्मियों को दिया। प्रबंध निदेशक सैमुअल पॉल एन ने बताया कि यह सीढ़ी 55 मीटर लंबाई (डबल फोल्ड) की है, जो 11 मीटर लंबाई तक बढ़ाई जा सकती है। फोल्डिंग व्यवस्था होने से इसका परिवहन सरलता से किया जा सकता है। एलटी व एचटी लाइनों के लिए अब अलग-अलग सीढ़ियों की भी जरूरत नहीं होगी। करंट लगने का भी खतरा नहीं होगा। क्योंकि यह बिजली के झटके और दुर्घटनाओं के जोखिम को कम करती हैं। उन्होंने कर्मियों से कहा कि यदि सुरक्षा उपकरण खराब हो गए हो तो उनको स्टोर से बदलकर नए उपकरण प्राप्त करें। खराब सुरक्षा उपकरणों से कार्य न करें।

सभी कर्मी सुरक्षा उपकरणों का अनिवार्य रूप से और सही तरीके से उपयोग करें। यदि कोई कर्मी बिना सुरक्षा उपकरणों के कार्य करता पाया गया तो उस पर कठोर कार्यवाही की जाएगी। वहीं, सबसे लाइनों पर कार्य करने से पहले कर्मचारी यह जरूर सुनिश्चित कर लें कि शटडाउन सही लाइन का लिया गया है या नहीं। सुरक्षा उपकरणों के साथ कार्य न करने वाले कर्मचारी की साथी कर्मचारी काम करने से रोकें। न मानने पर शिकायत जरूर करें।



केस्को मुख्यालय में कर्मियों के साथ मौजूद प्रबंध निदेशक सैमुअल पॉल एन।

**समस्या** कौन सी ट्रेन कितने बजे आएगी, इसकी सही जानकारी नहीं, हजारों यात्री भ्रमित, किधर से जाएं पता नहीं

# सेंट्रल स्टेशन पर ट्रेन पूछताछ काउंटर का सिस्टम धड़ाम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** गंगा पुल पर स्लीपर बदलने का काम तेजी से चल रहा है जिसके चलते सुबह 8.30 बजे से शाम 5.30 बजे तक मेगा ब्लाक लेकर लखनऊ रूट पर ट्रेनों का संचालन 42 दिनों के लिए रोक दिया गया है। ऐसे में कई ट्रेनें रद्द हैं और कई ट्रेनों का रूट बदल दिया गया है। सेंट्रल स्टेशन पर कौन सी ट्रेन कितने बजे आएगी, इसकी सही जानकारी पूछताछ काउंटर पर भी नहीं है जिससे यात्री भ्रमित हैं वह क्या करें।

गुरुवार से लखनऊ रेलमार्ग पर 8 घंटे के लिए ट्रेनों का संचालन प्रतिदिन रोकने का क्रम शुरु हो गया है, मेगा ब्लाक के दूसरे दिन सेंट्रल स्टेशन पर इलेक्ट्रानिक्स डिस्प्ले बोर्ड पर ये तो दिखा रहा है कि कौन कौन सी ट्रेन रद्द हैं और कौन सी ट्रेनें कितनी लेट हैं लेकिन सच्चाई ये है कि पूछताछ काउंटर पर ट्रेनों की सही जानकारी ही नहीं है। सैकड़ों यात्रियों की भीड़ लगी है जो ये जानना चाहते हैं अपनी मंजिल तक कैसे पहुंचे और किस रूट की ट्रेन पकड़ें।



सेंट्रल स्टेशन पर भटकते यात्री। अमृत विचार

### दैनिक यात्रियों की मुसीबत, टेंपो-ऑटो वालों की चांदी

लखनऊ से कानपुर के मध्य प्रतिदिन 20 हजार से अधिक लोग रोज ट्रेनों से सफर करते हैं लेकिन लखनऊ रेलमार्ग की ट्रेनें बंद होने से सबसे ज्यादा दैनिक यात्री परेशान हैं, हालांकि सुबह 6.30 बजे एवं सुबह 7.30 बजे मेमू ट्रेन कानपुर से लखनऊ के लिए रवाना होने के बाद ही ब्लाक लिया जा रहा है लेकिन फिर भी सैकड़ों की संख्या में यात्री बसों से जाने को मजबूर हैं। शहीद मेजर सलमान खान अंतर्राज्यीय झकरकटी बस अड्डे पर 100 से अधिक बसों को कानपुर से लखनऊ के बीच चलाया गया है लेकिन उसके बाद भी भीड़ कम नहीं हो रही है। ऐसे में कानपुर सेंट्रल स्टेशन से झकरकटी बस अड्डा के टेंपो, ऑटो वाले अनजान यात्रियों से 100 रुपये वसूल रहे हैं।

### आरक्षण रद्द कराने वालों की लंबी लाइनें

लखनऊ रेल मार्ग की ट्रेनों के रद होने एवं रुट बदलने से यात्री परेशान हैं, लखनऊ से नई दिल्ली जाने वाली स्वर्ण शताब्दी एक्सप्रेस वाया बरेली शाहजहापुर चलने लगी हैं, जिन यात्रियों ने कानपुर से आरक्षण कराया था, अब वे परेशान हैं। सेंट्रल स्टेशन पर आरक्षण केंद्र पर आरक्षण टिकट कैंसिल कराने के लिए लोगों की लंबी लाइन लगी है। रविवार को लखनऊ से पुणे के लिए सुपरफास्ट ट्रेन चलती है, ये पुणे की इकलौती ऐसी ट्रेन है जो यात्रियों को पसंद है लेकिन अब लखनऊ से आरक्षण कराने वाले फंस गये हैं। अब ये ट्रेन कानपुर से संचालित होगी। इसी प्रकार अयोध्या से नई दिल्ली जाने वाली वंदेभारत एक्सप्रेस भी कानपुर नहीं आ रही है जिससे जिन लोगों ने इस ट्रेन से आरक्षण कराया है, वह परेशान हैं।

## सिटी ब्रीफ

### जहां सम्मान न हो वहां बुलाने पर भी नहीं जाना चाहिए

**कानपुर।** जीवन में सम्मान ही सबसे बड़ी पूंजी हैं, यदि सम्मान नहीं है तो जितना चाहो धन कमा लो, वह सब व्यर्थ ही साबित होता है। यह विचार शुक्रवार को मां दुर्गा देवी पार्क पुरानी बस्ती काकादेव में चल रही शिव महापुराण कथा के पंचम दिवस पर आचार्य योगेश अवस्थी ने व्यक्त किए। कथा के दौरान कहा कि जहां सम्मान न मिले वहां पर बुलाने पर भी कदापि नहीं जाना चाहिए। माता सती मैया ने अपने पिता के यहां जाने का हठ किया और सम्मान नहीं मिला। जिससे उनको अपने प्राणों को त्यागना पड़ा। सती चरित्र की पावन कथा को सुनाते हुए उन्होंने बगैर बुलाए कभी मायके तक न जाने की सीखी दी। कथा में सुशील कुमारी, आशुतोष चंदेल, डाली, पाली, प्रेमचंद अग्निहोत्री, संदीप सहित अन्य मौजूद रहे।

### गुरुद्वारा नवाबगंज में शबद कीर्तन से संगत हुई निहाल

**कानपुर।** गुरुद्वारा नवाबगंज में तीन दिवसीय सालाना कीर्तन समागम का आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार को पहले दिन राजी जत्था ने शब्द कीर्तन करके संगत को निहाल किया। श्री गुरु ग्रंथ साहब के समक्ष माथा टेकने के लिए बड़ी संख्या में संगत पहुंची। इस अवसर पर गुरुद्वारा के प्रधान सरदार मानसिंह बग्गा के द्वारा लंगर की व्यवस्था की गई थी। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने शिरकत की।

### पाइप लाइन फटी

**कानपुर।** शास्त्री नगर स्थित ज्ञान निकेतन स्कूल के पास शुक्रवार पाइप लाइन फट गई, जिसकी वजह से क्षेत्र में हजारों टन पानी भर गया और लोगों को आवागमन में समस्या होने लगी। इसके साथ घरों में पानी की सप्लाई भी बाधित हो गई। आसपास के लोगों ने मामले की सूचना क्षेत्र के पार्षद और जल निगम व जलकल विभाग को दी।

### आज यहां नहीं रहेगी बिजली

**कानपुर।** विकास नगर, मकड़ीखेड़ा व विश्वविद्यालय में सुबह 10 बजे से शाम को साढ़े चार बजे तक, गुजैनी व दबौली में बिजली सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक, तिलक नगर, रानी का बगीचा, जनरलगंज, हालसी रोड, मेस्टन रोड व मनीराम बगिया में बिजली दोपहर 12 बजे से दोपहर तीन बजे तक नहीं रहेगी। इसके अलावा किदवई नगर व विराट नगर में बिजली सुबह 11 बजे से शाम को साढ़े चार बजे तक गुल रहेगी।

### दुकानें बंद कर कालाबाजारी का किया विरोध

**कानपुर।** गैस किल्लत से नाराज व्यापारियों ने शुक्रवार को प्रदर्शन किया और मानव श्रृंखला बनाई। व्यापारियों ने शहर में गैस सिलेडर की भीषण कालाबाजारी का आरोप लगाया। समाजसेवी व्यापार सभा की ओर से व्यापारियों ने अपनी दुकानें बंद कर आक्रोश जताया। व्यापारियों का कहना है कि गैस सिलेंडर न मिलने की वजह से कारोबार का बुरा हाल है। ठेलों और चाय की दुकानों को बंद करना पड़ रहा है। कोयला और लकड़ी भी महंगा हो गया है। प्रदर्शन के दौरान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष गहमरी, अमित यादव, बिल्लू ठाकुर, अभिमन्यु यादव, रमाकांत गुप्ता, दीपू, धीरू, सनम ठाकुर, करन, अरविंद, सोनू, अजय, घनश्याम, अरविंद सहित अन्य मौजूद रहे।

# वेदी तक फादर ले गए यीशु का क्रूस, सात वाणियां सुनाईं

## गुड फ्राइडे पर यीशु मसीह के बलिदान को याद किया, चर्चों में हुईं विशेष आराधना

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** गुड फ्राई-डे को प्रभु यीशु मसीह के बलिदान की याद में चर्चों में विशेष आराधना हुई और प्रभु यीशु मसीह के क्रूस को फादर की टीम ने उठाकर वेदी तक पहुंचाया। यीशु मसीह के द्वारा क्रूस पर दी गई सात वाणियां भक्तों को सुनाई गईं। भक्तों ने क्रूस चुम्बन द्वारा यीशु को याद किया।

शुक्रवार को गुड फ्राई-डे पर संत फ्रॉसिस जेवियर्स चर्च अशोक नगर में युवाओं द्वारा मसीह के क्रूस पर चढ़ाये जाने के दृश्य का नाटकीय रूपान्तरण किया गया और प्रभु यीशु खीस्त के जूस मरण तथा जूस की उपासना का पर्व बड़े भक्तिभाव से मनाया गया। फादर केके एन्टोनी, फादर जोसेफ सहायनाथन, फादर एन्टोनी स्वामी ने यीशु मसीह का क्रूस उठाकर भक्तिभाव से वेदी तक ले गये। यह दिन प्रार्थना, उपवास, और त्याग करने का दिन होता है। यह इसलिए माना जाता है कि इसी दिन प्रभु यीशु सूली (क्रूस) पर चढ़ाये गये। मुख्य वक्ता फादर जोसेफ सहायनाथन ने कहा कि आज ही के दिन प्रभु ईसा मसीह ने सारी मानव जाति के लिये अपना सम्पूर्ण जीवन बलिदान कर दिया। इस अवसर पर अजय बैनेडिक्ट, नोएल जॉर्ज, अनिल मसीह, वीनू जैकब, बाबा मेण्डिस, आशीष दानी, सिस्टर रंजना, सिस्टर रिया तथा फातिमा कान्वेंट स्कूल, मरियमपुर स्कूल, मरिया भवन, नरियमपुर अस्पताल आदि की धर्म बहनें तथा बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित थे।

उधर द गुड शेपर्ड चर्च गूबा गार्डेन कल्याणपुर में गुड फ्राई-डे पर आयोजन किया गया जिसमें भक्तों ने यीशु मसीह के द्वारा दिये गये बलिदान को याद किया। बिशप पंकज राज मलिक अनुपमा मलिक, शीना मलिक, पादरी सागर मैसी, अनुराज मलिक, पादरी सत्येन्द्र श्रीवास्तव, श्रेयराज, अभिमन्यु, सौरभ राज आदि थे।

न्यू इंडिया चर्च आफ गॉड गोविंद नगर में पादरी जितेंद्र सिंह ने विशेष आराधना की, चर्च आफ क्राइस्ट पांडु नगर में रेव्ह सैमुअल सिंह,, रीना सिंह, राजू शर्मा, नौसिक जौर्ज, ब्रदर डेनियल सिंह, मनोज, फ्रांसिस आदि थे। न्यू लाइफ चर्च काकादेव में पादरी डायमंड यूसुफ राहुल जैम्स, दिलीप कुमार, विनय कुमार, पादरी विमलेश गुप्ता, मोहित, पीटर सुमित मैसी व अंजना यूसुफ आदि थे।


चर्चों में विशेष प्रार्थनाएं की गईं। अमृत विचार


फादर ने किया संबोधित।

### यीशु मसीह द्वारा क्रूस पर कही गईं सात वाणियां

- हे पिता इन्हें क्षमा कर क्योंकि ये नहीं जानते कि क्या कर रहे हैं
- तू आज ही मेरे साथ स्वर्गलोक में होगा
- हे नारी देख यह तेरा पुत्र है
- हे परमेश्वर, तूने मुझे क्यों छोड़ दिया
- मैं प्यासा हूं
- पूरा हुआ
- मैं अपनी आत्मा तेरे हाथों में सौंपता हूं।


कथा कहते महाराज चंद्रदास।

## परमात्मा की भक्ति से निकलता समस्याओं का समाधानः चन्द्रदास

**कानपुर।** परमात्मा की भक्ति से जीवन में आने वाली समस्याओं का समाधान निकलता है। मनुष्य से गलती हो जाना बड़ी बात नहीं है, लेकिन समय रहते गलती का प्रायश्चित करके सुधार कर लेना अति आवश्यक है। यह बात बिधनू कठेरुआ स्थित कष्टभंजन हनुमंत सिद्ध धाम में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन कथावाचकमलूकपीठाधीश्वर राजेन्द्र दास देवाचार्य जी महाराज के शिष्य चन्द्रेश महाराज उर्फ चन्द्रदास ने कही। उन्होंने पांडवों के जीवन में होने वाली श्रीकृष्ण की कृपा का सुंदर वर्णन किया। महाराज जी ने बताया कि परीक्षित कलियुग के प्रभाव के कारण ऋषि से श्रापित हुए और पश्चाताप में वह शुकदेव जी के पास गए। उन्होंने कहा कि भक्ति एक ऐसा उत्तम निवेश है, जो मनुष्य को जीवन में परेशानियों से मुक्ति देती है। उन्होंने ने कहा कि द्वापर युग में धर्मराज युधिष्ठिर ने सूर्यदेव की उपासना कर अक्षयपात्र की प्राप्ति की थी। उन्होंने कहा कि भागवत कथा के श्रोता के ह्रदय में जिज्ञासा व श्रद्धा होनी चाहिए। इस मौके पर अरविंद शुक्ल, सुमन शुक्ला, गुड्डी शुक्ला, आचार्य अनुराग बाजपेई, अर्पित तिवारी थे।

# गुरु गद्दी दिवस पर एक ड्रेस में दिखेंगी महिलाएं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- गुरुद्वारा बाबा नामदेव जी किदवईनगर में मुख्य अतिथि होंगी राज्यपाल
- 10 अप्रैल को महिलाओं की सपररस्ती में गुरु गद्दी दिवस मनाया जाएगा

**अमृत विचार।** गुरुद्वारा बाबा नामदेव जी किदवई नगर में 10 अप्रैल को श्री गुरु हरगोविंद सिंह जी महाराज के गुरु गद्दी दिवस पर राष्ट्रीयस्तर का कार्यक्रम होगा। इस कार्यक्रम की विशेषता ये है कि 240 महिलाएं एक ही रंग की चुन्नी, सलवार, कमीज में होंगी और ये देश का पहला गुरु गद्दी दिवस कार्यक्रम होगा जिसे महिलाएं ही संचालित करेंगी।

शुक्रवार को किदवई नगर ओ ब्लाक सब्जी मंडी स्थित गुरुद्वारा बाबा नाममेदव जी समिति के प्रमुख पार्षद सरदार नीतू सिंह, गुरदीप सिंह सहगल, अशोक अरोड़ा, गुरविंदर सिंह वासु प्रिंस, अमरजीत सिंह पम्मी, रजत सिंह तलवार, श्रीचंद्र ईसरानी, लाडी बिंद्रा, इंदरपाल सिंह सिमर ने ये जानकारी पत्रकारों को दी। पार्षद एवं गुरुद्वारा के प्रधान सरदार नीतू सिंह ने बताया कि शनिवार को लखनऊ में राज्यपाल आनंदी बेन पटेल से मुलाकात होगी। 10 अप्रैल को प्रस्तावित गुरु गद्दी दिवस में राज्यपाल मुख्य अतिथि होंगी। इस कार्यक्रम में हुकुनामा, अरदास, प्रसाद समेत सभी कार्यक्रम महिलाओं द्वारा किया जाएगा।

### गुरुद्वारा में विशेष संगत जोड़ मेला कल

- गुरुद्वारा बाबा नामदेव जी किदवई नगर में श्री गुरु तेग बहादुर जी के पावन आगमन प्रकाश पर्व पर विशेष संगत जोड़ मेला सुबह 11 बजे आयोजित किया जाएगा। गुरुद्वारा के प्रधान एवं पार्षद सरदार नीतू सिंह ने बताया कि 5 अप्रैल को स्त्री सत्संग गुरुद्वारा बाबा नामदेव जी, सिख पंजाबी वेलफेयर सोसायटी, कानपुर कक्षत्रिय टांक सभा, सिख समाज कानपुर के द्वारा संयुक्त रुप से कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

**नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज, जनपद-कन्नौज**

पत्रांक : 1190/न0पा0प0, गुर0गंज / एसबीएम दिनांक 31.03.2026

सार्वजनिक सूचना
(Public Notification)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) के अंतर्गत नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज क्षेत्र में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को सुदृढ़ करने हेतु निरंतर एवं प्रभावी कार्य किए गए हैं। इसके अंतर्गत घर-घर कचरा संग्रहण, स्रोत पर कचरे का पृथक्करण (गीला-सूखा), कचरे का वैज्ञानिक निपटान, सार्वजनिक स्थलों की नियमित सफाई, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन तथा जनजागरूकता कार्यक्रमों का सफलतापूर्वक क्रियान्वयन किया गया है।

उपरोक्त कार्यों एवं उपलब्ध मानकों के आधार पर यह प्रस्तावित है कि नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज को "Garbage Free City (GFC)" घोषित किया जाए।

यदि किसी नागरिक/संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति, सुझाव अथवा शिकायत हो, तो वह इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से निर्धारित समयावधि (जैसे 7 दिवस) के भीतर लिखित रूप में नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता/सकती है।

निर्धारित अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त न होने की स्थिति में नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज को GFC घोषित करने की अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

यह सूचना जनहित में जारी की जाती है।

दिनांकः 31-03-2026

स्थानः गुरसहायगंज

**(अमित कुमार)** अधिशासी अधिकारी

**(मुन्नी देवी)** अध्यक्ष


बाला जी महाराज की शोभायात्रा निकली। अमृत विचार

# इतनी कृपा बालाजी मुझ पर बनाये रखना

कार्यालय सवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** श्री सालासर बालाजी मण्डल द्वारा 30वाँ हनुमान जन्मोत्सव पर शुक्रवार को शोभा यात्रा निकली। यह शोधा यात्रा मंदिर से शुरू होकर विभिन्न रास्तों से होती हुई वापस मंदिर पहुंची। शोभा का कई जगहों पर फूल बरसाकर स्वागत किया गया। 151 ध्वजारोही यात्रा को भव्य बना रहे थे।

'आया रे जनम दिन आज तक अन्जनी के लाल का बाजे रे बधाई आज दिन है कमाल का' व 'किस्मत का खोल देते हैं ताला जी - सालासर वाले बालाजी' जैसे भजनों पर भक्तों ने नृत्य किया। इसी तरह 'इतनी कृपा बालाजी बनाये रखना' व 'बीर हनुमाना अति बलवाना राम राम रटियो जी' जैसे भजन गूंजे।

यात्रा से पहले अध्यक्ष आनन्द मोदी ने बालाजी महाराज की आरती कर सवामनी प्रसाद का भोग अर्पित किया। इसके बाद निकली ध्वजा शोभा यात्रा की शुरुआत अजीत अग्रवाल ने किया। श्री सालासर मन्दिर द्वारिकाधीश रोड कमला टावर से शुरू हुई शोभा यात्रा काहूकोठी, जनरलगंज, हालसी रोड, धनकुट्टी, कलक्टरगंज, शक्करपट्टी, नयागंज, बिरहाना रोड, गीता मन्दिर, फीलखाना होते हुए मन्दिर कमला टावर में विश्राम लिया। प्रभु सालासर के सेवक, महाराष्ट्र मे गणेशोत्सव व श्रीनिवासन पंथक ध्वज ढोल मण्डली सभी के आकर्षण का केंद्र रही। फूलों से सजे मुख्य रथ मे श्री सालासर बालाजी महाराज सवार थे। शोभा यात्रा में एमएलसी सलिल विश्नोई, संयोजक संजय मारोदिया, कृष्ण गोपाल अग्रवाल, राकेश लाखोटिया, सुनील कक्कड़, ज्ञानेन्द्र विश्नोई, सन्तोष मित्तल आदि थे।

# केंद्र के फरमान से कलाकार हतप्रभ

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- संस्कार भारती नई दिल्ली ने दिलाया, समस्या के समाधान का भरोसा

**अमृत विचार।** 1868 को वाराणसी में डा. शीलता प्रसाद त्रिपाठी द्वारा लिखित हिंदी नाटक ''जानकी मंगल'' में भारतेन्दु हरिश्चन्द्र ने 13 वर्ष की उम्र में लक्ष्मण की भूमिका निभाई थी। तब से पूरे देश में 3 अप्रैल को हिंदी रंगमंच दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह बात शुक्रवार को हिंदी रंगमंच दिवस पर अनुकृति रंगंडल कानपुर द्वारा ग्वालटोली में आयोजित 'हिंदी रंगमंचः समस्याएं और संभावनाएं' विषय पर हुई संगोष्ठी में वरिष्ठ रंगकर्मी, अनुकृति के संस्थापक सचिव डा. ओमेन्द्र कुमार ने कही।

उन्होंने बताया कि ईसा से करीब 400 साल पहले भरत मुनि ने देवताओं के मनोरंजन के लिए पंचम वेद नाट्य शास्त्र की रचना की। फिर संस्कृत नाटकों का दौर शुरू हुआ। संगोष्ठी में वक्ताओं ने यह भी कहा कि 23 मार्च को संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार ने बड़ी संख्या में देश भर के लगभग 60 फीसदी रंगमंडलों को मिलने वाली ग्रांट को निरस्त या कूल ऑफ कर दिया है। वर्ष 2024-25 और 2025-26 में संस्थाओं से ग्रांट के लिए ऑनलाइन आवेदन लिए गए थे। इन दो वर्षों में अधिकांश संस्थाओं ने अपने संसाधनों से भरपूर काम किया लेकिन पिछले वर्षों का अनुदान रोकना, असंगत है। रंगकर्मी संध्या सिंह ने कहा कि भारत रंग महोत्सव के 25 वर्ष पूरे होने पर 2024, 21 फरवरी को संस्कृति मंत्रालय के निर्देश पर जन भारत रंग महोत्सव में अधिकांश संस्थाओं ने अपने नाट्य मंचनों के विडियो ऑनलाइन सम्मिट किये थे, ये कैसे संभव है कि संस्कृत मंत्रालय के निर्देश पर संस्थाएं प्रतिभाग कर रहीं हैं और उनका अनुदान रोक दिया जाये। इस पर बताया गया कि संस्कार भारती केंद्रीय संगठन दिल्ली ने भरोसा दिलाया है कि देश भर के कलाकारों की समस्या का सम्मानजनक उपाय निकाला जा रहा है। यह बताया गया कि देश भर के कलाकार 7 8 व 9 अप्रैल को दिल्ली में एकत्र हो रहे हैं। इस मौके पर विजयभान सिंह, महेंद्र धुरिया, महेश जायसवाल, जॉली घोष, दीपिका सिंह सम्राट यादव, विजय भास्कर, नरेंद्र राजपूत ,आकाश शर्मा, पूनम सोनकर और वसीम मौजूद रहे।

## कॉपी-किताबों में स्कूलों की लूट बंद करो

**कानपुर।** स्कूलों द्वारा कापी किताब, ड्रेस एवं स्टेशनरी खरीदने के लिए अभिभावकों को मजबूर किया जा रहा है। अभिभावकों को उत्पीड़न बंद किया जाए।

शुक्रवार को कानपुर महानगर कांग्रेस के अध्यक्ष पवन गुप्ता की अगुवाई में चुन्नीगंज चौराहा से जीआईसी चौराहे तक पद यात्रा निकाली गई और नारेबाजी की गई। प्रदर्शन के दौरान महानगर अध्यक्ष पवन गुप्ता ने कहा कि निजी स्कूलों द्वारा मनमाने तरीके से महंगी किताबें, ड्रेस और स्टेशनरी खरीदने के लिए अभिभावकों को मजबूर किया जा रहा है, जो कि सरासर अन्याय है। नरेश त्रिपाठी, नरेश पाठक, रितेश यादव, साजिद सर, पदम मोहन मिश्रा, धवल पाण्डेय, अजय श्रीवास्तव शीलू, राकेश साहू, धर्मेंद्र सिंह, अजय त्रिपाठी, राज लक्ष्मी, आनंद शुक्ला थे।

### कांग्रेस ने सरकार से ये मांग की

- शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता लाई जाए।
- अभिभावकों का आर्थिक शोषण तुरंत बंद कराया जाए।
- ऐसे हर स्कूल की जांच की जाए जहां महंगी किताबें लेने को मजबूर किया जा रहा है।
- एक की दुकान से महंगी किताब लेने के लिए बाध्य करना बंद किया जाए।

**अमृत विचार क्लासीफाइड**

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

मैं **प्रदीप कुमार अवस्थी (सपत्नीक) पुत्र स्व. करुणा शंकर अवस्थी, निवासी- M.E. 280 मिनी एमआईजी हेमन्त विहार बर्रा-2, कानपुर,** मैं अपने पुत्र अभिषेक दीप अवस्थी एवं पुत्रवधू शिवानी अवस्थी के आचरण एवं गलत व्यवहार के कारण सभी प्रकार से सम्बन्ध/विच्छेद करता हूँ। भविष्य में उनके लेन/देन/किसी कुकृत्य से हमारा कोई सरोकार नहीं होगा।

**सूचना**

मैने अपना नाम Nida Juned Kamar Sayyad से बदलकर Sayyeda Nida Fatima कर लिया है। मुझे भविष्य में इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। Nida Juned Kamar Sayyad W/O Aashiqur Rahman,R/O 655A/2/1536, Adil Nagar, Near Presidency Public School, Vikas Nagar, District - Lucknow, Uttar Pradesh-226022-

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा आधार कार्ड पैन कार्ड सहित हाई स्कूल से लेकर सभी शिक्षण अभिलेखों में मेरा नाम राम मोहन सिंह दर्ज है लेकिन किसी त्रुटिवश पासपोर्ट में मेरा नाम राम मोहन चौहान दर्ज हो गया है। मुझे मेरे सही नाम राम मोहन सिंह के नाम से जाना व पहचाना जाए। **राम मोहन सिंह पुत्र बलराम सिंह चौहान निवासी डी.एस.सी. एल शुगर लोनी आंझी शाहाबाद हरदोई**

## विचार

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कानपुर इकाई की ओर से मीडिया संवाद कार्यक्रम

# संघ का उद्देश्य सशक्त, संगठित व समरस राष्ट्र

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- अखिल भारतीय सह प्रचार प्रमुख नरेन्द्र ठाकुर ने दिए प्रश्नों के उत्तर
- संघ हिन्दुओं का संगठन है और हमारे लिए सभी भारतवासी हिन्दू हैं

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय सह प्रचार प्रमुख नरेन्द्र ठाकुर ने कहा कि संघ शताब्दी वर्ष में विविध प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। यह क्रम विजयादशमी 2025 से प्रारंभ हुआ था। इसके बाद पथसंचलन, व्यापक गृह संपर्क व हिन्दू सम्मेलन पूरे देश में हुए। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एक राष्ट्रीय आंदोलन है। इसका उद्देश्य सशक्त, संगठित व समरस राष्ट्र बनाना है। इसके लिए सभी का सहयोग व समर्थन चाहिए है। तभी सफलता मिलेगी। संघ की प्रार्थना नमस्ते सदा वत्सले ... की आखिरी पंक्ति भारत माता की जय है। हम इसी के लिए कार्य कर रहे हैं। ये बातें उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, कानपुर प्रान्त द्वारा बेनाझाबर में आयोजित मीडिया संवाद का कार्यक्रम में कहीं।

यूजीसी के एक विवादित नियम पर पूछे गए प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि संघ हर विषय पर प्रतिक्रिया नहीं देता है। यह मामला अभी कोर्ट में है, इसलिए हमने इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। हमारा मानना है कि किसी नियम या कानून का दुरुपयोग नहीं होना चाहिए। किसी के साथ अन्याय नहीं होना चाहिए। समाज के लिए भी आवश्यक है कि एकजुटता बनी रहे। संघ में नियमित रूप से समाचार देने के लिए ऐसा कुछ नहीं होता है, इसलिए हम अभी भी मीडिया के संपर्क में थोड़ा कम करते हैं। महिलाओं की भागीदारी व उनसे जुड़े एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि हम किसी विषय पर प्रतिक्रिया से अधिक कार्य करने पर विश्वास रखते हैं। हमारे अन्य सहयोगी संगठनों में महिलाओं की भागीदारी बढ़े, इसके लिए कार्य हो रहा है। मुस्लिमों को संघ से जोड़ने के प्रश्न पर उन्होंने कहा कि संघ हिन्दुओं का संगठन है और हमारे लिए सभी भारतवासी हिन्दू हैं। इसलिए कोई भी संघ में आ सकता है। हम किसी वर्ग विशेष को संघ से जोड़ने के लिए अभियान नहीं चलाते हैं, लेकिन हमारी शाखाओं में किसी भी पूजा पद्धति को मानने वाले व्यक्ति के आने पर कोई रोक नहीं है। इस अवसर पर अशोक बेरी, प्रान्त संघचालक भवानी भीख, प्रान्त प्रचारक श्रीराम, प्रान्त प्रचार प्रमुख डॉ. अनुपम, प्रान्त सह प्रचार प्रमुख संजीव सोमवंशी व डॉ. रतन, विश्व सारांश कनौजिया, प्रान्त मीडिया संवाद प्रमुख क्रान्ति उपस्थित रहे।



प्रश्नों का उत्तर देते नरेंद्र ठाकुर व भवानी भीख। अमृत विचार

# किशोरी से गैंगरेप, वीडियो बनाकर ब्लैकमेलिंग

**कानपुर।** किदवई नगर थाना क्षेत्र मे एक किशोरी से गैंगरेप का और और ब्लैकमेलिंग का सनसनीखेज घटना प्रकाश में आई है। जिसमे दो पड़ोसी युवकों ने पहले किशोरी संग दरिंदगी की। और उसका वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी देकर कई माह तक गलत काम करते रहे। हैरत की बात है कि इसी बीच इलाके की एक युवती ने इस गंदे खेल में शामिल हो गई और अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर किशोरी से रुपये ऐंठने मे जुट गई। परिजनों के मामले की जानकारी तब हुई जब बीते 26 मार्च को किशोरी पास की दुकान से सामान लेकर घर लौट रही थी, इसी दौरान एक आरोपित ने उसे अपने घर पर खींच लिया। तभी पीड़िता की मां की नजर पड़ गई। इसके बाद आरोपितों के घर से बेटी को लेकर आईं तो उसने पूरी आपबीती बताई। पुलिस ने पिता की तहरीर पर दो युवकों और रुपये ऐंठने वाली युवती के खिलाफ गैंगरेप, पॉक्सो, वसूली समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। साथ ही पुलिस आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही है। किदवई नगर निवासी पीड़िता के पिता परचून दुकानदार है। उन्होंने ने बताया कि उनके पड़ोस में आशीष और अमित गुप्ता नाम के दोयुवक हैं । बीते 26 मार्च को 14 वर्षीय बेटी दुकान से सामान खरीद कर घर लौट रही थी। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाले आशीष ने उसे अपने घर पर खींच लिया।

**कार्यालय नगर पंचायत अकबरपुर जनपद कानपुर देहात**

पत्र संख्याः - 05 /एन0पी0ए0 ठेका निविदा/2026 दिनांकः-02-04-2026

**निविदा सूचना**

समस्त जन सामान्य एवं ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि शासनादेश संख्या- 617/9-9-2012-160ज/2011, नगर विकास अनुभाग-9 लखनऊ दिनांक - 05 अप्रैल, 2012 के क्रम में नगर पंचायत अकबरपुर जनपद कानपुर देहात में ठेका/टेम्पो/टैक्सी स्टैंड पार्किंग शुल्क वसूली दिनांक 04-04-2026 से शीलबन्द निविदायें दिनांक- 13-04-2026 समय अपरान्ह 12 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन समय 01 बजे निविदादाताओं की उपस्थिति में अधोहस्ताक्षरी द्वारा खोली जायेंगी। सर्वाधिक धनराशि की निविदा को स्वीकृत किया जायेगा। धनराशि अंको और शब्दों में स्पष्ठ रूप से अंकित की जाये। शब्दों एवं अंको में भिन्नता होने की स्थिति में जो धनराशि अधिक होगी वही मान्य होगी। निविदा बिकी, निविदा सूचना प्रकाशन की तिथि से दिनांक 13-04-2026 को समय 11 बजे तक कार्यालय समय में नगर पंचायत अकबरपुर में की जायेगी। निर्धारित मूल्य जमा कर निविदा प्रपत्र कार्यालय नगर पंचायत अकबरपुर से प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा पर कटिंग, ओवर राइटिंग, फ्लूड आदि होने की दशा में निविदा स्वीकार नही की जायेगी। निकाय के किसी प्रकार के देयों के बकाया होने की स्थिति में सम्बन्धित ठेकेदार निविदादाता की निविदा स्वतः निरस्त मानी जायेगी। वसूली केवल सवारी वाहनों से की जायेगी। माल वाहक वाहनों से वसूली प्रतिबन्धित रहेगी। अवैध वसूली की दशा में ठेकेदार द्वारा जमा सम्पूर्ण धनराशि जब्त कर ते हुए सम्बन्धित ठेका निरस्त कर दिया जायेगा। अस्त व्यस्त तरीके से एवं रोड किनारे वाहन खड़ा करने की स्थिति में ठेका निरस्त कर दिया जायेगा। किसी भी निविदा को बिना कोई कारण बताये निरस्त/ स्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा। सशर्त निविदायें स्वीकार नहीं होंगी। ठेके के नियम एवं शर्ते किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती हैं।

**ठेके का विवरण निम्न प्रकार है।**

| क0 सं0 | ठेके का नाम | ठेके की अवधि | जमानत धनराशि | निविदा मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | टैम्पो/टेक्सी स्टैण्ड अकबरपुर की पार्किंग शुल्क वसूली ठेका (1- अकबरपुर से रूरा मार्ग, 2- अकबरपुर से पुखरायों मार्ग, 3- अकबरपुर से कानपुर मार्ग, 4- अकबरपुर से औरैया मार्ग, 5- अकबरपुर से बाढ़ापुर मार्ग | 13-04-2026 से 31-03-2027 तक | 1,00,000.00 | 10,000.00 |

**(आशीष कुमार)** अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत अकबरपुर कानपुर देहात

**(दीपाली सिंह)** अध्यक्ष नगर पंचायत अकबरपुर कानपुर देहात

